मुंबई, ठाणे, नवी मुंबई, पनवेल, रायगड़, उल्हासनगर, कल्याण एवं अंबरनाथ का
लोकप्रिय हिंदी दैनिक
# उल्हास विकास
वर्ष : 42 | अंक : 206 | बुधवार, 6 नवंबर 2024 | 3 रुपए | पृष्ठ 4
ULHAS VIKAS ANDROID APP ON Google play Install now | /ulhasvikas | संपादक – हीरो अशोक बोधा (BMM, L.LB.) | Mobile.:- 9822045566
epaper.ulhasvikas.com

# सिंधी समाज का पलायन कालानी-आयलानी की देन -भारत गंगोत्री

- शहर की व्यवस्था से सिंधी समाज त्रस्त
- भ्रष्टाचार व गुंडागर्दी से तंग लोगों का पलायन जारी
- कल्याण व अंबरनाथ में बस रहा सिंधी समाज
- 20 वर्षों में हजारों परिवारों ने किया पलायन





**उल्हासनगर।** विभाजन के दौरान सिंधी समाज के लोगों ने अपना घर छोड़कर यहां उल्हासनगर शहर में अपनी दुनिया बसाई। उल्हासनगर शहर जिसे कल्याण कैम्प कहा जाता था यहां विश्व के सबसे ज्यादा सिंधी समाज के लोग रहते थे लेकिन अब यहां के लोग भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से त्रस्त होकर शहर से पलायन कर रहे हैं। ऐसा राकांपा नेता व उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से अपक्ष उम्मीदवार भारत राजवानी (गंगोत्री) ने एक मुलाकात में कहा है।

उन्होंने कहा कि शहर में सबसे ज्यादा राज आज तक कालानी और आयलानी ने ही किया है लेकिन इन दोनों ने आपसी रंजिश के चलते शहर में भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी को बढ़ावा दिया जिस कारण शहर में विकास कार्य नहीं हो पाया और लोगों ने पलायन करना शुरू किया जो आज तक चल रहा है।

### 'शहरवासियों के सामने अच्छा विकल्प'



उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र कैम्प 1, 2, 3 व म्हारल, वरप व कांबा से अपक्ष उम्मीदवार के रूप में मैदान में उतरे भारत गंगोत्री ने कहा कि 141 विधानसभा क्षेत्र कई समस्याओं से ग्रस्त हैं यहां की समस्याओं का हल करने में मौजूदा विधायक आयलानी व पूर्व विधायक कालानी फेल हुए हैं। मैंने अपने कार्यकाल में उल्हासनगर मनपा के पैनल 17 में जो विकास कार्य किए हैं वही विकास कार्य मुझे उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में करने हैं। यहां की प्रमुख समस्या से मैं पूरी तरह वाकिफ हूं और अगर जनता मुझे मौका देती है तो जिस तरह नगरसेवक होते हुए मैंने 25 करोड़ का फंड उपमुख्यमंत्री से लाया हुआ था और उसका इस्तेमाल समय पर और बिना भ्रष्टाचार के कार्य किए जिससे आज जनता पलायन के बारे में सोच ही नहीं सकती। अगर शहर की व्यवस्था दुरुस्त हो तो सिंधी समाज क्यों शहर से पलायन करेगा। मूलभूत सुविधा पाने का हक हर टैक्स उपभोक्ता रखता है। शहरवासियों के पास अच्छा विकल्प सामने आया है। इसका इस्तेमाल करना आज उनके हाथ में है।

# उल्हासनगर में तगड़ी नाकाबंदी

- सभी सीमाओं पर पुलिस मुस्तैद
- विधानसभा चुनाव के दौरान अपराधियों पर नजर
- आचार संहिता का पालन करने की अपील



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में विधानसभा चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न हो इसके लिए उल्हासनगर शहर की सभी सीमाओं पर तगड़ी नाकाबंदी की गई है।

हर सीमा पर पुलिस मुस्तैद है चुनाव के दौरान अपराधियों पर भी कड़ी नजर लगाई हुई है। उल्हासनगर-4 श्रीराम चौक इलाके में मुख्य सड़क पर पुलिस द्वारा वाहनों की गहन जांच की जा रही है, ताकि कोई अवैध हथियार, शराब व नोट कोई न ले जाए।

सहायक पुलिस आयुक्त अमोल कोली ने बताया कि मतदाताओं को वितरित की जाने वाली किसी भी सामग्री या नकदी देने हेतु वाहनों की गहन जांच की जा रही है और शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नाकाबंदी लगा दी गई है। लोगों से अनुरोध है कि आचार संहिता का पालन करें और पुलिस को सहयोग दें।

## भिवंडी में 2 करोड़ 30 लाख रुपए नकद बरामद

**भिवंडी.** धामणकर नाका फ्लाईओवर पर चुनाव आयोग एवं पुलिस की संयुक्त वाहन चेकिंग कार्यवाही के दौरान एटीएम में पैसा डालने वाली बैन से 2 करोड़ 30 लाख,17 हजार 600 रुपया बरामद किया गया है.वैन चालक बरामद रुपए को लेकर कोई संतोष जनक जबाव एवं जरूरी पेपर दिखाने में असफल रहा. बरामद रुपए को मामले की जांच होने तक सरकारी खजाने में जमा कराया गया है. चुनाव आचार संहिता नोडल अधिकारी सुधीर गुरव,भरारी पथक प्रमुख हेमंत पष्टे,सहायक खर्च निरीक्षक शरद यादव की टीम ने सहायक पुलिस आयुक्त पूर्व विभाग के कार्यालय में पैसे को गिना और मामला दाखिल किया है.आयकर निरीक्षक पवन कौशिक मामले की तहकीकात कर रहे हैं.

# झलक पैराडाइज के बाद अब झलक अरेना इमारत विवादों में

## इमारत की जांच की मांग कर रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष रखी जाए

- इमारत बनाए जाने में कई नियमों का हुआ उल्लंघन



**उल्हासनगर.** दैनिक उल्हास विकास ने 23 अगस्त 2024 के अंक में झलक कंस्ट्रक्शन कंपनी की उल्हासनगर-5 में बन रही 16 मंजिल झलक पैराडाइज इमारत को तोड़ने के आदेश के बारे में लोगों को अवगत किया था। अब इसी कंपनी की एक ओर इमारत झलक अरेना जो कि ब्लाक C-9 रूम 17 उल्हासनगर 4 में बन रही है वो भी विवादों में आ गई है।

इस इमारत की शिकायत भी उल्हासनगर मनपा में दर्ज की गई है कि किस तरह से निर्माण कार्य में अनियमितता बरती गई है।

शिकायत में बताया गया है कि 1) इमारत की ऊंचाई प्लान में कम दिखाई है परंतु वास्तव में इसकी ऊंचाई 24 मीटर से ज्यादा है. इसलिये इमारत में दो सीढ़ी और दो लिफ्ट लगाना जरूरी है जोकि नहीं लगायी गयी है. 2) इमारत चारों तरफ से रस्ते से 6 मीटर दूरी पर बनानी चाहिए लेकिन बिल्डर ने इतनी दूरी पर नहीं बनाई है. 3) बिल्डर ने प्लान में इमारत के चारों ओर छजा दिखाया है ये छजा रूम में मिला नहीं सकते परंतु बिल्डर ने उन्हें रूम में मिलाकर खरीदारों को यह जगह बेची है. इसी तरह से प्लान में इमारत की हर एक मंजिल पर सभी फ्लैट में W-1 और W-2 लिखकर सर्विस के लिये जगह दिखाई है परंतु यह जगह भी रूम में मिलाकर खरीदारों को बेची है. 4) राज्य शासन के आदेश के अनुसार बिल्डर का प्लान बी.पी.एम.एस. संगणक प्रणाली में चेक होना जरूरी है परंतु जानबूझकर इसे कंप्यूटर में चेक नहीं किया गया. शिकायत में यह भी कहा गया है कि ये जांच आज भी हो सकती है अगर की गयी तो बिल्डर के सभी पोल खुल जायेंगे 5) इस इमारत का आरकीटेक्ट प्रसाद गरड है. ये वही है जिसने झलक पैराडाइज को सवालो के घेरे में ला खड़ा किया है. इसमें अनुभव की कमी है या फिर उसने जानबूझकर गलत काम किया है इसकी जांच होनी चाहिये. 6) इस इमारत में की गयी गड़बड़ियों की जांच करने के बाद पुलिस में FIR करने की मांग भी की गयी है. 7) इस इमारत में अगर गड़बड़ी है तो वो हाईकोर्ट के समक्ष झलक पैराडाइज मामले में विचाराधीन रिट याचिका न. 1694 / 2024 की सुनवाई के समय रखी जाए और माननीय कोर्ट को बताया जाए कि यह बिल्डर अपनी हर इमारत में इस तरह की गड़बड़ी कर रहा है. अब देखना होगा कि क्या ADTP श्री ललित खोब्रागडे और मनपा आयुक्त इस इमारत की निष्पक्ष जांच कर अपनी रिपोर्ट हाईकोर्ट के समक्ष रखेंगे. उल्हास विकास इस मुद्दे पर नजर बनाए हुए है और जनता को जानकारी देते रहेंगे ताकि कोई भी अपनी जमा पूंजी अपने घर में लगा रहा है तो क्या वो सुरक्षित है।

## कैम्प-5 में फिर हुई गैस पाइप लाइन लीक



- खुदाई के दौरान फिर टूटी पाइप लाइन
- गैस रिसाव से परिसर में डर का माहौल

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर में एक बार फिर महानगर गैस पाइप से गैस रिसाव की घटना घटी है। उल्हासनगर-5 समता नगर इलाके में सड़क की खुदाई चल रही है और जेसीबी के झटके से महानगर गैस पाइप से रिसाव शुरू हो गया कर्मचारियों ने गैस पाइपलाइन के मुख्य वाल्व को बंद कर दिया और इस चैनल की मरम्मत का काम शुरू कर दिया, घटना के कारण कुछ देर के लिए इलाके में डर का माहौल पैदा हो गया। ज्ञात हो कि इस तरह का रिसाव 13 अक्टूबर को भी हुआ था जिस बाद में मरम्मत के बाद ठीक किया गया।

# उल्हासनगर में फिर गोमांस तस्कर गिरफ्तार



- रिक्शा से बरामद हुआ 100 किलो गोमांस
- बजरंग दल की शिकायत पर कार्रवाई
- क्या अंबरनाथ शहर में होता है गोमांस का अवैध कारोबार?

उल्हासनगर .उल्हासनगर शहर में रिक्शा से गोमांस की तस्करी कर रहे एक रिक्शा चालक और दुकानदार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने रंगे हाथ पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया, इस रिक्शे से 100 किलो गोमांस बरामद हुआ.बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली कि अंबरनाथ से उल्हासनगर शहर में गोमांस बिक्री के लिए आ रहा है, कमल यादव, मनोज गौड़, राहुल सरोज, मन्नी सिंह और भास्कर शुक्ला ने उल्हासनगर के सुभाष नगर इलाके में रिक्शा रोकी और उसकी जांच की, उसमें से 100 किलोग्राम गोमांस पाया गया, अब इस मामले में सेंट्रल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। उक्त गोमांस किसको बेचने के लिए उल्हासनगर शहर में लाया गया था, पुलिस इस पर आगे की जांच कर रही है। क्या अंबरनाथ में यह कारोबार होता है इसकी जांच पुलिस को करनी चाहिए क्योंकि ज्यादातर गोमांस के मामले अंबरनाथ से होते हुए उल्हासनगर व अन्य शहरों में जाते हैं।

### अंबरनाथ में महिला की मौत के बाद

# MPCB ने विहान कारखाने पर मारा छापा

**अंबरनाथ.** विमको नाका स्थित विहान कारखाने पर छापा मारकर महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडल के अधिकारियों ने कारखाने की जांच शुरू कर दी है. विदित हो कि पिछले दिनों परिसर में इस विहान कारखाने के केमिकल युक्त पानी और गैस के कारण महिला की दम घुटने एवं हार्ट अटैक से मौत हो गई थी. दै. उल्हास विकास ने भी खबर प्रकाशित की थी. विमको नाका के सामाजिक कार्यकर्ता फिरोज पठान ने इस मुद्दे को मजबूती से उठाकर एमपीसीबी के पास लिखित शिकायत की थी. महिला गुलशन की मौत के बाद स्वतः फिरोज पठान ने कल्याण जाकर मंडल के अधिकारी से भेंट करके विहान और आसपास के कारखानों की मनमानी के बारे में शिकायत करते हुए उन्हें बताया कि कारखाने के गैस से दम घुटने से एक महिला की मौत हो गई है. अधिकारी ने तुरंत कार्रवाई के आदेश दिए. अधिकारियों ने अंबरनाथ में विहान कारखाने के अंदर जाने के बाद जांच की तो पता चला कि कंपनी मालिक प्रदूषण मंडल के सारे नियमों का उल्लंघन करते हुए कारखाना चला रहा है. चार घंटे तक जांच करने के बाद वह इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि कंपनी को बंद कर देना चाहिए. दो दिन दिन में कंपनी चालक को प्रदूषण मंडल नोटिस जारी कर सकता है. यहां के निवासियों ने गहरी सांस लेते हुए कहा है कि उनकी परेशानी अब दूर हो जाएगी.

MAHARASHTRA
Maharashtra Pollution Control Board
महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण मंडळ

## डुप्लीकेट नामों से बेचे जा रहे उत्पादों पर रोक

**मुंबई.** ट्रेडमार्क उल्लंघन मामले में अंतरराष्ट्रीय फुटवियर ब्रांड स्केचर्स को हाई कोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने 'स्कचर्स' के नाम पर बेचे जाने वाले डुप्लीकेट उत्पादों पर रोक लगा दी है। याचिका में दावा किया गया कि कुछ कंपनियां उसकेट्रेडमार्क और कलात्मक डिजाइन वाले डुप्लीकेट सामान बेच रही हैं। जिससे ब्रांड की प्रतिष्ठा और साख को नुकसान पहुंच सकता है।

स्केचर्स अमेरिका (यूएसए) और उसके भारतीय वितरण भागीदार के पास ट्रेडमार्क का अधिकार है।

# राजेश वानखेडे पर अहिरे ने लगाए गंभीर आरोप

- प्रतिज्ञा पत्र में कई जानकारियां वानखेडे ने छुपाई - अहिरे

यूसुफ शेख



**अंबरनाथ.** अंबरनाथ विधानसभा चुनाव में शिवसेना उबाठा से खड़े अधिकृत उम्मीदवार राजेश वानखेडे पर निर्दलीय उम्मीदवार सुनिल अहिरे द्वारा गंभीर आरोप लगाए जाने पर शहर में अब इस बात की चर्चा हो रही है कि अगर अहिरे के आरोपों में सत्यता पाई गई तो वानखेड़े चुनाव से अपात्र भी घोषित किए जा सकते हैं.

अहिरे ने भी कहा है कि वानखेडे ने जो सत्य प्रतिज्ञा पत्र चुनाव आयोग के पास पेश किया है, उसमें उन्होंने कई जानकारियों को छुपाया है. एक पत्रकार वार्तालाप में सुनिल अहिरे ने पत्रकारों के समक्ष सबूतपेश करते हुए बताया कि वानखेडे ने स्वतः के नाम पर उल्हासनगर महानगर पालिका के रिकार्ड पर कुर्ला कैम्प 4 के आफिस मिल्कियत की घोषणा नहीं की है. स्वतः को बांधकाम व्यावसायिक बताया है, लेकिन व्यवसाय का करंट चालू खाता दर्ज नहीं किया है. 2014 के चुनाव में वानखेडे ने 750 ग्राम मूल्य का सोना जिसकी कीमत 15 लाख रुपए है, वह इस बार प्रतिज्ञा पत्र में दर्ज नहीं किया है. 700 चौ.फु. में 6 मंजिला इमारत का बांधकाम शुरू है, जिस पर 2 करोड़ 50 लाख रुपए खर्च आए हैं. ये रकम कहां से आई, इसकी जांच करने की मांग अहिरे ने चुनाव आयोग से 500 रुपए के स्टैम्प पेपर पर लिखकर की है. ऐसे और भी आरोप अहिरे ने किए हैं.

### मैंने कोई जानकारी नहीं छुपाई : वानखेडे

इसके उत्तर में राजेश वानखेडे ने कहा है कि मैंने चुनाव आयोग से कोई जानकारी नहीं छुपाई है. ये सभी आरोप बेबुनियाद है. मीडिया में आने के लिए अहिरे ऐसा आरोप कर रहे हैं.

# 15 नवंबर को निकलेगी विश्व की सबसे बड़ी प्रभात फेरी

- थाहरिया सिंह साहिब दरबार द्वारा कार्यक्रम का आयोजन
- गुरुनानक देवजी का 555वां प्रकाश पर्व पर उत्सव
- लाखों की संगत होती है फेरी में शामिल
- हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा
- लाखों में बंटता है 365 दिन लंगर सेवा





**उल्हासनगर.** शहर के सुप्रसिद्ध धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहरिया सिंह साहिब दरबार द्वारा गुरु नानक देवजी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। 3 से 15 नवंबर तक शहर में रोजाना बड़े ही धूमधाम से प्रभात फेरी तड़के सुबह निकाली जाती है। 15 नवंबर को गुरुनानक जी के 555वें प्रकाश उत्सव पर विश्व की सबसे बड़ी प्रभात फेरी निकाली जाती है जिसमें लाखों की संख्या में संगत शामिल होकर निहाल होती है। इस भव्य फेरी पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा भी की जाती है। इस फेरी में संत महात्मा, कलाकार भजन कीर्तन के साथ माहौल गुरुमय कर देते हैं।

### पाक के गुरुद्वारा श्री रोरी साहिब के उल्हासनगर में दर्शन

ज्ञात हो कि डेरा संत बाबा थाहरिया सिंह साहिब दरबार के पास पाकिस्तान के प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रोरी साहिब के हुबहू दर्शन 1 से 15 फरवरी तक साम 7 बजे से रखे गए हैं जिसमें इस गुरुद्वारा की खासियत और विशेषता एक शॉर्ट फिल्म द्वारा दर्शायी गई है। दरबार के प्रमुख जसकिरत सिंह भाईसाहब और त्रिलोचन सिंह भाईसाहब ने संगत से अपील है कि गुरुनानक देवजी के इस प्रकाशोत्सव में शामिल होकर निहाल हो जाए।

# ठाणे जिले में 244 उम्मीदवार मैदान में

- 90 उम्मीदवारों ने नाम वापस लिया




**ठाणे.** ठाणे जिले के 18 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के इच्छुक 47 उम्मीदवारों की टिकट कटने से जहां उनका विधायक बनने का सपना टूट गया, वहीं सोमवार को नाम वापसी के दिन 334 में से 90 उम्मीदवार चुनाव से हट गये. इसके चलते जिले में 244 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। ठाणे जिले में कुल 18 विधानसभा क्षेत्र हैं। इनमें भिवंडी ग्रामीण, शाहपुर, भिवंडी पश्चिम, भिवंडी पूर्व, कल्याण पश्चिम, मुरबाड, अंबरनाथ, उल्हासनगर, कल्याण पूर्व, डोंबिवली, कल्याण ग्रामीण, मीरा-भाइंदर, ओवला-मजीवाड़ा, कोपरी पचपाखाड़ी, ठाणे शहर, मुंब्रा-कलवा, ऐरोली शामिल हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में चुनाव लड़ने के लिए 381 उम्मीदवारों ने 495 नामांकन पत्र दाखिल किए थे। महायुति, महाविकास अघाड़ी, निर्दलीय, बागी उम्मीदवार शामिल थे. ये सभी चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे. लेकिन आवेदन जांच प्रक्रिया में 47 उम्मीदवारों के 78 आवेदन खारिज कर दिए गए हैं. इससे यह प्रत्याशी चुनाव मैदान से बाहर हो गये और उनका विधायक बनने का सपना टूट गया.

जिले में कुछ स्थानों पर बागियों के साथ निर्दलीय उम्मीदवार पीछे हट गए। जिले में सोमवार को नाम वापसी के दिन 334 प्रत्याशियों में से 90 प्रत्याशियों ने चुनाव से नाम वापस ले लिया है. इसके चलते जिले में 244 प्रत्याशी चुनाव मैदान में रह गए हैं। इसके चलते अब 18 विधानसभा क्षेत्रों के प्रत्याशियों की सूची फाइनल हो गई है और अब मुकाबला इन्हीं प्रत्याशियों के बीच होगा। 23 नवंबर को यह साफ हो जाएगा कि इसमें जीत किसकी होगी.

भिवंडी ग्रामीण में 7 उम्मीदवार, शाहपुर में 9 उम्मीदवार, भिवंडी पश्चिम में 14 उम्मीदवार, भिवंडी पूर्व में 11 उम्मीदवार, कल्याण पश्चिम में 24 उम्मीदवार, मुरबाद में 9 उम्मीदवार, अंबरनाथ में 22 उम्मीदवार, उल्हासनगर में 21 उम्मीदवार, कल्याण पूर्व में 17 उम्मीदवार, डोंबिवली में 8 उम्मीदवार, कल्याण ग्रामीण में 13 उम्मीदवार, मीरा-भाइंदर में 17 उम्मीदवार, ओवला-माजीवाड़ा में 14 उम्मीदवार, कोपरी पचपखाड़ी में 9 उम्मीदवार, ठाणे शहर में 8 उम्मीदवार, मुंब्रा-कलवा में 11 उम्मीदवार, 17 उम्मीदवार ऐरोली में और बेलापुर में 15 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हैं.

# वंचित के पूर्व ठाणे जिला सचिव शिवसेना (उबाठा) में शामिल



**उल्हासनगर.** उल्हासनगर में वंचित के पूर्व ठाणे जिला सचिव विजय धावारे शिवसेना (उबाठा) में शामिल हो गए हैं। शिवसेना उबाठा के कल्याण जिला प्रमुख एवं महाविकास आघाडी के शिवसेना उम्मीदवार धनंजय बोडारे के हाथों उनका पक्ष प्रवेश किया गया. इस मौके पर युवासेना कल्याण जिला पदाधिकारी भाऊ म्हात्रे, पदाधिकारी उल्हास फाल्के उपस्थित थे.

विजय धावारे ने कहा कि कल्याण पूर्व में उल्हासनगर का एक हिस्सा है और इस क्षेत्र में कई समस्याएं हैं, लेकिन इसके लिए विधायकों ने विधानसभा में आवाज नहीं उठाई. इसके लिए शिवसेना उबाठा के उम्मीदवार धनंजय बोडारे सक्षम हैं और मतदाता उन्हें चुनाव में जिताएं यह समय की जरूरत है. विजय धावारे अपने समर्थकों अमोल शिंदे, प्रकाश गार्ड, करण ठाकुर, आकाश निकालजे, गणेश रनसूर, राजू पेरिस, पप्पू भगत, गणेश कांबले, आनंद खंडागले, योगेश जाधव, सचिन सरदार, संतोष कांबले, संकेत वाघमारे, सागर थोरात, कुशल पगारे, अनिकेत अल्लाड, सिद्धार्थ खंडागले, संदीप निकालजे, स्वप्निल सोनवणे, किशोर गार्ड, आकाश काकड़े, मुकेश महाले, दीपक भालेराव, किरण वाघमारे, संजय भालेराव, प्रदीप पगारे, संजय वाघ और अन्य भी शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) में शामिल हुए हैं।

# रिक्शा चालकों ने विधायक बदलाव के बारे में सोचा है : मिलिंद पाटिल



## अध्यक्ष मिलिंद पाटिल ने हजारों रिक्शा चालकों में मिठाई और कपड़े बांटे

उल्हास विकास संवाददाता

**अंबरनाथ.** गत 15 वर्षों में अंबरनाथ के विधायक ने रिक्शा वालों के हित में कोई भी कार्य नहीं किया है. रिक्शा वालों ने ये सोचा है कि अब अंबरनाथ में बदल होना चाहिए. अंबरनाथ रिक्शा चालक मालक संघटना के अध्यक्ष मिलिंद पाटिल ने शहर के सैकड़ों रिक्शा चालकों को दिवाली की मिठाई एवं ड्रेस के कपड़े वितरित करने के बाद पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उपरोक्त बात कही. उन्होंने विधायक का नाम लिए बिना कहा कि विधायक लोगों के पास वोट मांगने घर-घर जा रहे हैं. उनके साथ राशन चोर, मर्डर के आरोपी और अपराधी प्रवत्ति के नेता कंधे से कंधा मिलकर घूम रहे हैं. क्या इन लोगों को देखकर उस विधायक को लोग वोट करेंगे. जो हमारे रिक्शा चालकों का उनके परिवार के हित में सोचेगा, उसी को रिक्शा वाले वोट करेंगे. मिलिंद ने बार-बार कहा कि अब बदल होना जरूरी हो गया है. उन्होंने विधायक की तरफ इशारा करते हुए कहा कि क्या एक दांत का डॉक्टर 15 वर्षों में 40 करोड़ की संपत्ति का मालिक बन सकता है. वह सब अपने स्वार्थ के लिए कार्य कर रहे हैं. इसलिए अब रिक्शा चालकों ने बदलाव के बारे में सोचा है. अंबरनाथ मुख्य रिक्शा स्टैंड पर हजारों रिक्शा चालकों को दिवाली की मिठाई और ड्रेस के कपड़े वितरित किए गए. उस समय रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी, कुमार मुदलियार, निवृत्ति कुचिक, दिलीप पाटिल, आत्माराम तांबे आदि उपस्थित थे.

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त कर लो. फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी, जिसे तुमसे कोई नहीं छिप सकता. - महात्मा गौतम बुद्ध

उल्हास विकास संपादकीय

## इजरायल का खूनी खेल

इजराइल इस कदर आक्रामक हो गया है कि वह युद्ध के नियमों और मानवीय मूल्यों को भी भूल बैठा है। जंग में सब कुछ जायज नहीं होता। इसके भी कुछ नियम और कायदे हैं। कोई देश इससे इनकार नहीं कर सकता। यह दुखद है कि इजराइल फिलिस्तीन का नामोनिशान दुनिया के नक्शे से मिटाने पर तुला है। हालांकि उसका दावा है कि वह हमास और उसके समर्थकों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है, लेकिन सच्चाई यह है कि इसकी आड़ में उसकी बर्बरता के शिकार निर्दोष नागरिक हो रहे हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं।

### अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन

अस्पतालों, स्कूलों और आश्रय स्थलों पर जिस तरह इजराइली सेना हवाई हमले कर रही है, वह खुल्लमखुल्ला अंतरराष्ट्रीय नियमों का उल्लंघन है। यह एक युद्ध अपराध है। इसमें कोई दो राय नहीं कि इस देश ने नैतिक रूप से सभी सिद्धांतों को ताक पर रख दिया है। इजराइल ने ईरान समेत पश्चिम एशिया में कई मोर्चे खोल दिए हैं। साथ ही, गाजा पर आक्रमण और तेज कर दिया है। यह दुखद है कि उसने विस्थापित फिलिस्तीनियों के आश्रय स्थल पर हमला किया। इजराइल की कार्रवाई यहीं नहीं थमी है। वहां की संसद ने गाजा में शरणार्थियों की सहायता रोकने के लिए दो विधेयक आनन-फानन में पारित कर दिए हैं। उसका मकसद साफ है कि संयुक्त राष्ट्र की राहत कार्य एजंसी को युद्ध में घायलों और शरणार्थियों की मदद करने से रोका जाए। इजराइल के इस अमानवीय कदम से फिलिस्तीनियों की मुश्किलें और बढ़ेंगी। एजंसी अब उनकी मदद नहीं कर पाएगी। अब सरकार और राहत एजंसी के बीच संबंध भी टूट जाएंगे।

इस समय इजराइल की मनमानी पूरी दुनिया देख रही है। मगर कोई भी देश उसे समझा-बुझा कर फिलिस्तीन पर हमले करने से नहीं रोक रहा। यहां तक कि संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्था भी असहाय महसूस कर रही है। इजराइल ने कुछ समय पहले संस्था के प्रमुख एंतोनियो गुतारेस को अवांछनीय करार देते हुए अपने यहां प्रवेश देने से रोक दिया था। इजराइल की यह आक्रामकता चिंता पैदा करने वाली है।


# निर्णायक मोड़ पर अमेरिका, वैश्विक समस्याओं का भविष्य भी दांव पर

इस साल भारत समेत दुनिया के लगभग 70 देशों में चुनाव हुए हैं या होने हैं। इनमें अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का महत्व सबसे अधिक है, क्योंकि इसका प्रभाव प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से हर किसी पर पड़ता है। इस बार का चुनाव और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें संयुक्त राष्ट्र और उसकी बहुराष्ट्रीय संस्थाओं और जलवायु परिवर्तन जैसी वैश्विक समस्याओं का भविष्य तो दांव पर है, अमेरिका का लोकतंत्र भी दांव पर लगा है।

रिपब्लिकन पार्टी के नेता और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ताधारी डेमोक्रेटिक पार्टी की नेता उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को कड़ी टक्कर दे रहे हैं। लोकप्रियता के राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के साथ-साथ वह निर्णायक माने जाने वाले सात राज्यों, पेन्सिलवेनिया, मिशिगन, विस्कॉन्सिन, जार्जिया, उत्तरी कैरोलिना, एरिजोना और नेवादा में से पांच में आगे चल रहे हैं। इसलिए सट्टा बाजार में भी उन्हीं की जीत पर दांव लग रहे हैं।

अमेरिका के कई राज्यों में मतदान चुनाव के निर्धारित दिन से हफ्तों पहले शुरू हो जाता है। लोग मतदान केंद्रों में जाकर मतदान के लिए लगे बक्सों में या डाक द्वारा अग्रिम मतदान कर सकते हैं। लगभग पांच करोड़ लोग अग्रिम मतदान कर चुके हैं, जो कुल होने वाले मतदान के एक चौथाई के करीब है।

इस अग्रिम मतदान के रुझानों को देखते हुए अनुमान लगाया जा रहा है कि टक्कर इतनी कांटे की हो गई है कि हार-जीत का अंतर मामूली रहेगा। कमला हैरिस की चुनौती यह है कि यदि उनकी जीत का अंतर मामूली हुआ तो ट्रंप उसे मानने से इनकार कर देंगे। वह अपनी रैलियों में कहते आ रहे हैं कि यदि चुनाव निष्पक्ष हुए तो उनकी जीत कोई नहीं टाल सकता।




उन्होंने पिछले चुनाव में भी हार मानने से मना कर दिया था और हारे हुए राज्यों में मतपत्रों और मतदान के फर्जीवाड़े से लेकर मशीनों और गिनती में धांधली के आरोप लगाए थे। अमेरिका के राष्ट्रपति का चुनाव राज्यों से चुने गए इलेक्टर या निर्वाचक करते हैं। इसलिए उम्मीदवारों को राज्यों का बहुमत हासिल करना होता है, पूरे देश का नहीं।

राज्य के निर्वाचकों से अपेक्षा की जाती है कि वे राज्य में बहुमत पाने वाले उम्मीदवार का ही समर्थन करेंगे, परंतु इसका कोई स्पष्ट नियम नहीं है। इसलिए, राज्यों में कई बार कुछ निर्वाचक अपनी मर्जी से भी वोट डाल देते हैं। गत चुनाव में सात निर्वाचकों ने ऐसा ही किया था। जो बाइडन बड़े अंतर से जीत रहे थे इसलिए नतीजे पर इसका कोई असर नहीं हुआ, पर कांटे की टक्कर होने की सूरत में इससे संकट खड़ा हो सकता है।

गत चुनाव में ट्रंप ने कुछ निर्वाचकों को लुभाने की कोशिश की थी, जो इस बार भी हो सकती है। यदि बीते चुनाव की तरह परिणाम स्वीकार न करते हुए चुनाव अधिकारियों को डराने-धमकाने, अदालती दांवपेचों में उलझाने, उपद्रव उकसाने एवं सत्ता के हस्तांतरण को रोकने की कोशिश हुई तो अमेरिका की लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सवाल उठेंगे। इससे पश्चिमी लोकतंत्र को अस्थिरता एवं अराजकता वाली नाकाम व्यवस्था बताने वाले चीन और रूस जैसी तानाशाही व्यवस्थाओं के हौसले और बढ़ेंगे।

अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव के साथ-साथ प्रतिनिधि सभा या कांग्रेस की सभी सीटों और सीनेट की 34 सीटों के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। विजेता उम्मीदवार की पार्टी यदि दोनों सदनों या उनमें से एक में भी हार जाए तो सरकार चलाना एक चुनौती बन जाता है। कांग्रेस में चुनाव के पहले से ही ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत था और सीनेट में डेमोक्रेटिक पार्टी का।

रुझानों से लग रहा है कि रिपब्लिकन पार्टी कांग्रेस के साथ-साथ सीनेट पर भी कब्जा कर सकती है। यदि ऐसा हुआ तो कमला जीत कर भी हाथ बंधे होने के कारण अपने वादों को पूरा नहीं कर पाएंगी। न तो वे यूक्रेन की रक्षा के लिए नाटो संगठन को खुले हाथों से मदद कर पाएंगी और न ही जलवायु परिवर्तन की रोकथाम के लिए बड़े कदम उठा पाएंगी। इसलिए अमेरिका के मित्र देशों के साथ-साथ वैश्विक संकटों के समाधान के लिए उस पर निर्भर रहने वाली संयुक्त राष्ट्र जैसी संस्थाओं की सांस अटकी है।


प्रभु के प्रेम को अनुभव करने के लिए जो कुछ भी हमें चाहिए, वो हम में से हर एक के लिए उपलब्ध कराया गया है।

- संत राजिन्दर सिंह जी महाराज

स्थान - सावन कृपाल रूहानी मिशन, सावन आश्रम, परम संत कृपाल सिंह जी महाराज चौक, खेमानी रोड, उल्हासनगर-२

देखें सत्संग आस्था चैनल पर हर रोज़ सोम - शनि सुबह ८.२० से ८.४० तक


# भारत-चीन सीमा पर शांति के संकेत

वास्तविक नियंत्रण रेखा पर भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध फिलहाल दूर हो गया लगता है। दोनों देशों के सैनिकों ने दिवाली पर मिठाइयों का आदान-प्रदान किया और भारतीय सेना ने पूर्वी लद्दाख के डेमचोक इलाके में गश्त भी शुरू कर दी। जल्दी ही डेपसांग इलाके में भी भारतीय सैनिक गश्त करना शुरू कर देंगे। रूस में आयोजित इस बार के ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के शीर्ष नेताओं ने द्विपक्षीय बातचीत की थी। उसके दो दिन पहले एलएसी पर पूर्व स्थिति बनाने को लेकर सहमति बनी थी। इससे फिर दोनों देशों के बीच रिश्तों में गर्मी लौटने की उम्मीद जताई जा रही है।

जून 2020 में गलवान घाटी में चीनी सैनिक भारतीय क्षेत्र में घुस आए थे और हमारे सैनिकों के साथ उनका खूनी संघर्ष हुआ था, जिसमें दोनों तरफ के सैनिक हताहत हुए थे। तब से राजनीतिक गतिरोध बना हुआ था। हालांकि दोनों देशों के सैन्य अधिकारी इस विवाद को सुलझाने के लिए बैठकें करते रहे और उन बैठकों में सकारात्मक नतीजे भी निकले थे। उन्हीं बैठकों के चलते पांच में से तीन क्षेत्रों से चीन ने अपनी सेनाएं पीछे लौटा ली थीं। दो क्षेत्रों में विवाद बना हुआ था, जो अब समाप्त हो गया है।

असल में चीन और भारत के बीच तनावपूर्ण रिश्तों का असर रूस और दक्षिण एशिया के अन्य देशों पर भी पड़ रहा था। जिस तरह रूस-यूक्रेन संघर्ष लगातार बना हुआ है, उसमें रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के मद्देनजर भारत से उसके मजबूत रिश्ते बहुत अहमियत रखते हैं। चीन से भारत की तनातनी के चलते यह समीकरण ठीक से बैठ नहीं पा रहा था। इसलिए माना जा रहा है कि रूस के प्रयत्नों से ही भारत-चीन के रिश्तों में आई खटास दूर हुई है। मगर यह अच्छी बात है कि एलएसी पर बेवजह तनाव बने रहने से जो दोनों देशों का ध्यान उस तरफ लगा रहता था, उससे आजादी मिलती दिख रही है।



अमेरिका इस तनाव का लाभ उठाने का प्रयास कर रहा था। जबसे चीन के साथ भारत के संबंध कुछ मधुर होने शुरू हुए हैं, अमेरिका की भौहें कुछ तनी नजर आने लगी हैं। रूस के साथ भारत की नजदीकी से वह पहले से खफा है। अभी अमेरिका ने जिन उन्नीस भारतीय कंपनियों पर यह कहते हुए प्रतिबंध लगाए हैं कि वे रूस को मदद पहुंचा रही थीं, उससे उसकी खीझ समझी जा सकती है।

मगर भारत ने अपने रिश्तों में संतुलन बनाए रखा है। रूस के साथ अपने रिश्तों में किसी तरह की खटास नहीं आने दी है और अमेरिका से भी नजदीकी बनाए रखी है। इसलिए कि भारत अपने को किसी गुट में शामिल नहीं किया है। फिर, जिस तरह भारत की आर्थिक हैसियत लगातार बढ़ रही है, और वह वैश्विक दक्षिण देशों के लिए लगातार भरोसेमंद साझीदार बना हुआ है, उसमें कोई भी भारत को फिलहाल नजरअंदाज नहीं कर सकता। चीन का बहुत बड़ा व्यापार भारत के साथ है, वह उसे किसी भी रूप में गंवाना पसंद नहीं करेगा।

माना जा रहा है कि सीमा विवाद संबंधी ताजा समझौते से इस समस्या का कोई स्थायी समाधान निकल सकता है। मगर संशय इसी बात को लेकर बना हुआ है कि चीन अपने इस लचीले रुख को कब तक कायम रख पाता है। जब तक वह अपनी विस्तारवादी नीतियों को सिकोड़ने का प्रयास नहीं करेगा, उसके किसी भी कदम को बहुत भरोसे के साथ देखना मुश्किल है।

# मुस्लिम शख्स 5 सालों से कर रहा है लक्ष्मी पूजा

दीपावली उत्सव हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है. पूरे देश में हिंदू हर साल इस त्योहार को बड़े उत्साह के साथ मनाते हैं.

**जरा हट के**

दिवाली के त्योहार पर पारंपरिक कपड़ों में कई रीति-रिवाजों के साथ लक्ष्मी पूजा की जाती है. इस वर्ष लक्ष्मी पूजा हिंदू कैलेंडर के अनुसार 31 अक्टूबर को निर्धारित की गई थी. इस प्रकार लाखों भक्तों ने लक्ष्मी पूजन कर प्रार्थना की.

खास बात यह है कि एक मुस्लिम युवक और उसके दोस्तों ने हिंदू परंपरा के अनुसार लक्ष्मी पूजा की. शिमोगा जिले के होसनगर तालुक के अरसालु गांव के एक युवक, तन्नु ने विनायक सर्कल में अपने मोबाइल की दुकान (तन्वी मोबाइल वर्ल्ड) में कचरा रखकर और फल तथा मेवे चढ़ाकर हर साल हिंदू परंपरा के अनुसार पूजा की, जो पुजारी कोडुरु प्रमोदा जोइस द्वारा की जाती है. यह होसनगर तालुक का रिपन शहर है.



### सौहार्द की मिसाल

देशभर में लक्ष्मी पूजा और दिवाली की धूम मची हुई है. सौहार्द के लिए हमने यहां-वहां देखा है कि हिंदू त्योहार मुस्लिम भाई मनाते हैं और मुस्लिम त्योहार हिंदू मनाते हैं. यहां भी इसी तरह की खबरें सामने आई हैं. तन्नु लगातार 5 वर्षों से इसी पद्धति से लक्ष्मी पूजा का आयोजन कर रहा है. इसी प्रकार मुस्लिम परंपराओं के अनुसार पूजा पुजारी द्वारा की जाती है.

### दिवाली की विशेषता

दिवाली में लक्ष्मी और गणेश की भी पूजा की जाती है. पुराणों के अनुसार, उस दिन देवी लक्ष्मी पृथ्वी पर अवतरित होती हैं और हर घर में आती हैं. उस मां को प्रसन्न करने, अपने घर को साफ-सुथरा रखने और उनका आशीर्वाद पाने के लिए एक विशेष पूजा की जाती है. लोग घर के सामने दीपक रखते हैं, माघ लगाते हैं, फूल बरसाते हैं और देवी को घर में आमंत्रित करते हैं.

# खीरे का सलाद

खाना-खजाना

लोग सेहतमंद बने रहने के लिए वेट लॉस के लिए वर्कआउट से लेकर डाइट तक का खास ख्याल रखते हैं। आजकल वेट लॉस के लिए खीरे के सलाद की ये रेसिपी सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। ये रेसिपी उन लोगों के बीच खास पसंद की जा रही है, जो मोटोपा तो कम करना चाहते हैं लेकिन उसके लिए शुरुआत कहां से करें, इसका जवाब नहीं जानते हैं। खीरे का ये सलाद ना सिर्फ खाने में बेहद टेस्टी है बल्कि इसे बनाना भी बेहद आसान है।

### सामग्री :

- 2 खीरा
- 1 कप हंग कर्ड
- 1 1/2 बड़ा चम्मच डिजॉन सरसों
- 1 मीडियम प्याज
- 1 छोटा चम्मच अदरक का पेस्ट
- 1/2 छोटा चम्मच काली मिर्च
- 1/2 छोटा चम्मच जीरा पाउडर
- 1/2 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर
- 3 बड़े चम्मच धनिया पत्ता
- नमक स्वाद अनुसार
- ¼ छोटा चम्मच दालचीनी पाउडर




### बनाने का तरीका :

खीरे का सलाद बनाने के लिए सबसे पहले सभी सब्जियों और हर्ब्स को धो लें। इसके बाद खीरे की पतली स्लाइस काटकर अलग रख लें। सलाद बनाने के लिए अब प्याज और हर्ब्स को भी काटकर अलग रख लें। इसके बाद खीरे का सलाद बनाने के लिए एक बड़ा बर्तन लेकर उसमें दही डालकर अच्छी तरह से फेंट लें। अब उसमें कटी हुई धनिया पत्ती, अदरक का पेस्ट, डिजॉन सरसों, खीरा और प्याज डालें। इसे बाद बर्तन में बाकी चीजों के साथ मसाले और सीजनिंग डालकर सलाद में डाली गई सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें। वेट लॉस के अच्छे रिजल्ट के लिए वर्कआउट के बाद के भोजन के रूप में इसका मजा लें।

# टीबी से लड़ाई में भारत बना वैश्विक हीरो

**दुनियाभर में ट्यूबरक्लोसिस (टीबी) एक गंभीर समस्या रही है जिससे हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। भारत भी इस गंभीर स्वास्थ्य जोखिम से परेशान रहा है। एक आंकड़े के मुताबिक साल 2021 में टीबी से कुल 1.6 मिलियन (16 लाख) लोगों की मृत्यु हुई।दुनिया भर में टीबी रोग मौत का 13वां प्रमुख कारण है। भारत ने 2025 तक टीबी को खत्म करने का लक्ष्य बनाया था। भारत तेजी से अपने लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। टीबी की रोकथाम के लिए भारत के प्रयासों का असर पिछले कुछ वर्षों के आंकड़ों की तुलना से समझा जा सकता है, जिसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत की सराहना की है।**



### टीबी का संक्रमण

टीबी माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होने वाला यह संक्रामक रोग है। ये मुख्य रूप से वायुजनित ड्रॉपलेट्स के माध्यम से फैलता है। टीबी रोग वाले लोगों की खांसी या छींक से निकलने वाले बूंदों के माध्यम से आसपास के अन्य लोगों में संक्रमण का खतरा हो सकता है।

### कैसे होते हैं लक्षण?

टीबी के रोगाणुओं के फेफड़ों में बढ़ने से टीबी का संक्रमण होता है। प्रारंभिक संक्रमण की स्थिति में अधिकांश लोगों में कोई भी लक्षण नहीं दिखते हैं। कुछ लोगों में फ्लू जैसी समस्या विकसित हो जाती है, जिसके कारण हल्का बुखार, थकान और खांसी होती है। संक्रमण बढ़ने की स्थिति में खांसी के साथ बलगम आने, सांस लेने या खांसने के साथ दर्द होने, बुखार-ठंड लगने, रात में पसीना आने की समस्या देखी जाती रही है।

हालांकि एक हालिया शोध में वैज्ञानिकों ने बताया कि अधिकतर संक्रमितों में अब टीबी का प्रमुख लक्षण, यानी खांसी की समस्या ही नहीं देखी जा रही है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं सभी लोगों को टीबी रोग को लेकर विशेष सावधानी बरतते रहना जरूरी है। बचाव के लिए आवश्यक है कि हमें इस रोग के लेकर सही जानकारी हो।

### भारत में टीबी के मामले

टीबी के मामलों में साल 2015 के बाद भारत की छलांग ऐतिहासिक है। जहां 2015 में देश में एक लाख आबादी पर टीबी के 237 मामले मिल रहे थे, वहीं साल 2023 तक ये घटकर 195 पहुंच गए हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि ऐसी प्रगति अब तक किसी और देश में देखी नहीं गई है। भारत ने टीबी जैसे गंभीर बीमारी पर जीत की लड़ाई में अहम उपलब्धि हासिल की है। WHO ने भी भारत की इस उपलब्धि की सराहना की है और टीबी संक्रमण के खिलाफ लड़ाई में भारत को वैश्विक हीरो बताया है। भारत में टीबी के मामलों में तेजी से आ रही गिरावट को लेकर स्वास्थ्य संगठन ने दुनिया के बाकि देशों को भारत से सीख लेने को कहा है।

## आज का राशिफल

**मेष :** कार्यप्रणाली में सुधार होगा। तत्काल लाभ नहीं होगा। काम बनेंगे। निवेश मनोनुकूल लाभ देगा। नौकरी में प्रभाव वृद्धि होगी। कोई पुराना रोग बाधा का कारण हो सकता है। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी। विरोध होगा। आर्थिक नीति में परिवर्तन होगा। सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृषभ :** लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेश लाभ देगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जल्दबाजी से हानि संभव है। धार्मिक अनुष्ठान में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन :** आज घरेलू काम में गृहिणियां लापरवाही न करें। आवश्यक वस्तुएं गुम हो सकती हैं। दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। किसी व्यक्ति की बातों में न आएं। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**कर्क :** व्यापार में वृद्धि होगी। स्त्री वर्ग से समयानुकूल सहायता प्राप्त होगी। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्न रहेंगे। निवेश शुभ रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। वाणी में शब्दों का प्रयोग सोच-समझकर करें। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। प्रतिद्वंद्विता में कमी होगी। राजकीय सहयोग प्राप्त होगा।

**सिंह :** स्थायी संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। मनपसंद रोजगार मिलेगा। बैंक-बैलेंस बढ़ेगा। नौकरी में चैन रहेगा। व्यापार में वृद्धि के योग हैं। शेयर मार्केट से लाभ होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कर्ज समय पर चुका पाएंगे। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। तनाव रहेगा।

**कन्या :** किसी मांगलिक कार्य का आयोजन हो सकता है। स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ उठा पाएंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रह सकता है। दूसरों के झगड़ों में न पड़ें। लेन-देन में सावधानी रखें। लाभ होगा।

**तुला :** आय में निश्चितता रहेगी। शत्रु शांत रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय से लाभ होगा। बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। दौड़धूप की अधिकता का स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ेगा। थकान व कमजोरी रह सकती है। वाणी में कड़े शब्दों के इस्तेमाल से बचें। दूसरों की बातों में नहीं आएं।

**वृश्चिक :** निवेश से लाभ होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेंगे। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। बनते कामों में बाधा उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। काम में मन नहीं लगेगा। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। थोड़े प्रयास से ही कार्यसिद्धि होने से प्रसन्नता रहेगी।

**धनु :** व्यापार मनोनुकूल चलेगा। नौकरी में सहकर्मी सहयोग करेंगे। लाभ होगा। जल्दबाजी व लापरवाही से हानि होगी। राजकीय कोप भुगतना पड़ सकता है। विवाद न करें। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। बिछड़े मित्र व संबंधी मिलेंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**मकर :** कारोबार में वृद्धि होगी। शेयर मार्केट मनोनुकूल लाभ देगा। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। रोजगार मिलेगा। आय में वृद्धि होगी। बुद्धि का प्रयोग करें। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। कोई अनहोनी होने की आशंका रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा।

**कुंभ :** आय बनी रहेगी। नौकरी में कार्यभार रहेगा। थकान महसूस होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी। सहकर्मी सहयोग नहीं करेंगे। चिंता रहेगी। आंखों का विशेष ध्यान रखें। चोट व रोग से बचाएं। पुराना रोग उभर सकता है।


**मीन :** बुद्धि का प्रयोग करें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोनुकूल रहेगी। कारोबार से संतुष्टि रहेगी। प्रमाद न करें। निवेश से लाभ होगा। नौकरी में प्रभाव क्षेत्र बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय में उत्साह से काम कर पाएंगे। भाग्य अनुकूल है, जल्दबाजी न करें। प्रसन्नता रहेगी।

-ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री

# इन चीजों को भी फ्रिज में करें स्टोर

### क्वालिटी रहेगी मेंटेन्ड, नहीं सताएगा खराब होने का डर

फ्रिज के बिना किचन की कल्पना करना मुश्किल है. सब्जियों से लेकर सॉस, जैम, दूध, दही जैसी खाने की चीजों को लंबे समय तक बचाए रखने के लिए हम फ्रिज का प्रयोग करते हैं. फ्रिज न केवल इन चीजों को खराब होने से बचाता है, बल्कि इसकी गुणवत्ता को भी बरकरार रखता है. जी हां, आपको बता दें कि टेंपरेचर मेंटेन होने की वजह से खाने-पीने की चीजों के अलावा, कई ऐसी चीजें भी हैं जिन्हें हम फ्रिज में रखें तो उनकी गुणवत्ता बनी रह सकती है. आइए आज आपको बताते हैं कि आप अपने फ्रिज में खाने के अलावा और किन चीजों को स्टोर कर उनकी क्वालिटी को मेंटेन रख सकते हैं.



### इन चीजों को भी स्टोर कर सकते हैं फ्रिज में–

### आई केयर प्रोडक्ट्स

अगर आप आई केयर क्रीम, एंटी एजिंग क्रीम, रिंकल क्रीम आदि यूज करते हैं तो इन्हें रखने के लिए फ्रिज का प्रयोग कर सकते हैं. वैसे तो इन्हें रूम टेंपरेचर में रखने में कोई परेशानी नहीं, लेकिन अगर आप इसे फ्रिज में रखें तो इसकी क्वालिटी लंबे समय तक मेंटेन रहती है. यही नहीं, जब आप आंखों पर कूल क्रीम अप्लाई करेंगे तो आंखें ज्यादा फ्रेश नजर आएंगी. यही नहीं, इनके प्रयोग से आंखों की पफीनेस और रेडनेस भी दूर रहती हैं.

### लिपस्टिक करें स्टोर

अगर आपकी लिपस्टिक टूटने लगती है और मेल्ट होने लगती है तो आप इसे फ्रिज में स्टोर करें. कई बार लिपस्टिक, रूम टेंपरेचर में इसका ऑयल्स धीरे-धीरे खराब होने लगता है और इसका शेड चेंज होने लगता है. लेकिन जब आप इसे फ्रिज में स्टोर करते हैं तो ऐसा नहीं होता.

### पूजा के फूल

अगर आप पूजा के फूल बाजार से खरीदते हैं और इन्हें तीन-चार दिनों तक बचाकर रखना चाहते हैं तो आप उन्हें फ्रिज में स्टोर करें. ठंडे एनवायरनमेंट में फूल की पत्तियां व स्टेम लंबे समय तक ताजा बनी रहती हैं. यही नहीं, अगर आप किसी को तोहफे में फूल देने की सोच रहे हैं और एडवांस में इन्हें खरीद लिया है तो आप इन्हें लंबे समय तक रखने के लिए फ्रिज का प्रयोग कर सकते हैं.

### परफ्यूम

अगर रूम का टेम्परेचर अधिक है तो परफ्यूम की गुणवत्ता खराब होने लगती है. ऐसे में आप अगर परफ्यूम को ठंडी जगह पर स्टोर करें तो इसकी क्वालिटी अधिक दिनों तक अच्छी रहती है.

### बेकिंग सामग्री

बेकिंग सोडा, बेकिंग पाउडर और खमीर को फ्रिज में रखने से उनकी सक्रियता बनी रहती है. आप इन्हें फ्रिज में स्टोर कर सकते हैं.

# ठंड में ड्राई स्किन करेगी ग्लो

**ठंड में अधिकतर लोगों की स्किन ड्राई हो जाती है, जिसे मॉस्चराइज करने के लिए लोग बार-बार लोशन का इस्तेमाल करते हैं. अगर आप भी ठंड में अपने रूखे और बेजान त्वचा से परेशान होते हैं तो यह खबर आपके लिए है. रूखी स्किन के लिए नारियल तेल सबसे बेहतरीन माना जाता है. आइए जानते हैं कि आप नारियल तेल में ऐसी क्या चीज मिलाकर स्किन पर अप्लाई कर सकते हैं, जो आपकी त्वचा को काफी ग्लोइंग बना सकती है.**

### नारियल तेल में मिलाएं ग्लिसरीन

नारियल तेल में ग्लिसरीन मिलाकर त्वचा पर लगाया जा सकता है. यह ड्राई स्किन वालों के लिए बेस्ट उपाय है. नारियल तेल और ग्लिसरीन दोनों ही त्वचा को नमी देते हैं और सूखापन को दूर करते हैं. नारियल तेल में विटामिन और मिनरल्स होते हैं जो त्वचा को पोषण देते हैं और इसे स्वस्थ बनाते हैं. ग्लिसरीन का उपयोग बालों की देखभाल के लिए भी किया जा सकता है. इसे आप रातभर के लिए लगाकर छोड़ सकते हैं.

### स्किनकेयर में फॉलो करें एक्सफोलिएशन

ड्राइ स्किन को सही करने के लिए आप रात के स्किनकेयर रूटीन में एक्सफोलिएशन शामिल कर सकते हैं. नारियल तेल में कॉफी पाउडर और थोड़ा बेसन डालकर त्वचा को एक्सफोलिएट कर सकते हैं. इससे आपकी मृत त्वचा साफ होती है और त्वचा मुलायम रहती है.



### नारियल तेल में मिलाएं एलोवेरा जेल

नारियल तेल में आप एलोवेरा जेल को मिलाकर लगा सकते हैं. दोनों ही प्रोडक्ट त्वचा के लिए बेस्ट है. एलोवेरा जेल और नारियल तेल दोनों ही त्वचा को नमी देते हैं और उसके ड्राइनेस को कम करता है. एलोवेरा जेल में विटामिन-A होता है, जो डैमेज स्किन को रिपेयर करता है. एलोवेरा जेल में विटामिन सी होता है, जो एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है. यह त्वचा को ब्राइट करने का काम करता है.

लेख में दी गई समस्त जानकारियां और सूचनाएं सामान्य मान्यताओं पर आधारित हैं. 'उल्हास विकास' इनकी पुष्टि नहीं करता है. इन पर अमल करने से पहले संबंधित विशेषज्ञ से संपर्क करें.

## खबरें गांव की...

### तांत्रिक के कहने पर चार लोगों की हत्या के बाद सुसाइड से सनसनी

**वाराणसी.** वाराणसी में भेलूपुर के भदैनी इलाके में तांत्रिक के कहने पर शराब कारोबारी राजेंद्र गुप्ता ने अपने पूरे परिवार का खात्मा कर दिया है। पत्नी नीतू गुप्ता (42), बेटा नवनेंद्र (20) और सुबेंद्र (15), बेटी गौरांगी (16) की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस कारोबारी की तलाश कर ही रही थी कि उसकी भी लाश दूसरे घर के पास मिल गई। बगल में पिस्टल भी मिला है। माना जा रहा है कि उसने आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि इस घर में इससे पहले भी पांच हत्याएं हो चुकी हैं। पिता, दो गार्ड, भाई और उसकी पत्नी की भी हत्या हुई थी। पड़ोसियों की मानें तो हत्या में कारोबारी जेल भी गया था। पुलिस अब उस तांत्रिक की तलाश कर रही है जिसके कहने पर इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया है।

### सरेआम प्रिंसिपल की गोली मारकर हत्या

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद में स्कूल जा रहे प्रिंसिपल को बाइक सवार 2 बदमाशों ने दिन दहाड़े गोली मारकर दी। गोली लगते ही धड़ाम से नीचे गिरे प्रिंसिपल की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पास में लगे एक सीसीटीवी में ये पूरी घटना कैद हो गई। ये घटना जिले के मझोला थाना क्षेत्र का है। जहां लाकड़ी फाजलपुर में मंगलवार प्रिंसिपल सबाबुल स्कूल के लिए निकले थे। तभी बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आए और प्रिंसिपल के सिर में गोली मारकर फरार हो गए। गोली लगते ही प्रिंसिपल जमीन पर गिर पड़े। आनन-फानन में स्थानीय लोग उन्हें लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्रिंसिपल को मृत घोषित कर दिया।

### कानपुर में चार साल के बच्चे के गले में अटकी टॉफी, तड़प-तड़प कर मौत

**कानपुर.** कानपुर से दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां एक चार साल के बच्चे के गले में टॉफी अटकने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर सोमवार सुबह पुलिस मौके पर पहुंची, हालांकि परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। वहीं, जिस दुकान से टॉफी खरीदी गई, वह दुकानदार भाग गया है। जरौली फेज वन में सोफा कारीगर राहुल कश्यप परिवार के साथ रहते हैं। राहुल के मुताबिक रविवार शाम बेटा अन्वित टॉफी खरीदने के लिए जिद करके पैसे ले गया। घर के सामने दुकान से फ्रूटोला नाम की टॉफी खरीदकर उसने खा ली। थोड़ी देर बाद अन्वित घर आया और गला पकड़कर रोने लगा। वह अचेत होने लगा तो मां सोनालिका ने पानी पिलाया। देखते ही देखते हालत बिगड़ने लगी। परिजन गंभीर हालत में बच्चे को लेकर अस्पताल भागे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बर्रा इंस्पेक्टर के मुताबिक बच्चे के परिजनों ने कार्रवाई न करने की बात कही है। जरौली में मासूम की टॉफी खाने से मौत ने हर किसी को चकित कर दिया।

# सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा एक्ट की वैधता बरकरार रखी

- इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला पलटा
- पिछली सुनवाई में CJI ने कहा था- जियो और जीने दो

**नई दिल्ली.** सुप्रीम कोर्ट ने यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 पर फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने मदरसा एक्ट की वैधता को बरकरार रखा है। इसके साथ ही हाईकोर्ट के फैसले को पलट दिया।

दरअसल, इससे पहले 5 अप्रैल 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा अधिनियम को असंवैधानिक करार देने वाले इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी थी। केंद्र और UP सरकार से जवाब भी मांगा था।

22 अक्टूबर को सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि हाईकोर्ट के फैसले से 17 लाख छात्रों पर असर पड़ेगा। छात्रों को दूसरे स्कूल में ट्रांसफर करने का निर्देश देना ठीक नहीं है। देश में धार्मिक शिक्षा कभी भी अभिशाप नहीं रही है। धर्मनिरपेक्षता का मतलब है- जियो और जीने दो।



चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने 22 अक्टूबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। मदरसा अजीजिया इजाजुतूल उलूम के मैनेजर अंजुम कादरी और अन्य ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

22 मार्च को हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने 86 पेज का फैसला सुनाया था। इसमें कहा था- विभिन्न धर्मों के बच्चों के साथ भेदभाव नहीं किया जा सकता। धर्म के आधार पर उन्हें अलग-अलग प्रकार की शिक्षा मुहैया नहीं कराई जा सकती। अगर ऐसा किया जाता है तो यह धर्मनिरपेक्षता का उल्लंघन होगा। इसके साथ ही UP सरकार को एक स्कीम बनाने को कहा, ताकि मदरसों में पढ़ रहे छात्रों को औपचारिक शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जा सके।

#### 2012 में पहली बार दाखिल हुई थी याचिका

मदरसा एक्ट के खिलाफ सबसे पहले 2012 में दारुल उलूम वासिया मदरसा के मैनेजर सिराजुल हक ने याचिका दाखिल की थी। फिर 2014 में माइनॉरिटी वेलफेयर लखनऊ के सेक्रेटरी अब्दुल अजीज, 2019 में लखनऊ के मोहम्मद जावेद ने याचिका दायर की थी। इसके बाद 2020 में रैजुल मुस्तफा ने दो याचिकाएं दाखिल की थीं। 2023 में अंशुमान सिंह राठौर ने याचिका दायर की।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- सभी निजी संपत्तियां भौतिक संसाधन नहीं

- सरकारें उनका अधिग्रहण नहीं कर सकतीं
- पुराना फैसला विशेष आर्थिक विचारधारा से प्रेरित था

**नई दिल्ली.** क्या सरकार आम लोगों की भलाई के लिए निजी संपत्ति का अधिग्रहण कर सकती है? इस मामले पर सुप्रीम कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को बहुमत से फैसला सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर निजी संपत्ति को सामुदायिक संपत्ति नहीं कह सकते। कुछ खास संसाधनों को ही सरकार सामुदायिक संसाधन मानकर इनका इस्तेमाल सार्वजनिक हित में कर सकती है। CJI डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में 9 जजों की बेंच ने 8:1 के बहुमत से फैसला सुनाया। बेंच ने जस्टिस कृष्ण अय्यर के पिछले फैसले को खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि सभी निजी संपत्तियों को राज्य सरकारें अधिग्रहित कर सकती हैं। CJI ने कहा कि पुराना फैसला विशेष आर्थिक, समाजवादी विचारधारा से प्रेरित था। हालांकि राज्य सरकारें उन संसाधनों पर दावा कर सकती हैं जो भौतिक हैं और सार्वजनिक भलाई के लिए समुदाय द्वारा रखे जाते हैं।

## चुनाव से पहले एक्शन में उद्धव ठाकरे

- विधायक समेत 5 बागी नेताओं को पार्टी से निकाला

**मुंबई.** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने बागियों के खिलाफ कड़ा ऐक्शन लिया है। उन्होंने शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के उन 5 बागी नेताओं को पार्टी से बाहर कर दिया है, जो अपने ही दल या गठबंधन के कैंडिडेट के खिलाफ उतरे हैं। इन लोगों को पार्टी ने चेतावनी दी थी कि वे अपना नामांकन वापस ले लें वरना कड़ा ऐक्शन लिया जाएगा। सोमवार को नामांकन आखिरी दिन था, लेकिन इन नेताओं ने चुनाव से हटने से इनकार कर दिया। ऐसे में पार्टी ने सख्त फैसला लिया है। उद्धव सेना से जिन लोगों को निष्कासित किया गया है, उन नेताओं में भिवंडी पूर्व के विधायक रूपेश म्हात्रे, विश्वास नांदेकर, चंद्रकांत घुगुल, संजय अवारी और प्रसाद ठाकरे शामिल हैं। महाविकास अघाड़ी से कुल 14 बागी नेता चुनावी मैदान में उतरे हैं। इनमें कांग्रेस, उद्धव सेना और शरद पवार की एनसीपी के लीडर शामिल हैं। इन लोगों को पार्टियों ने खूब मनाने की कोशिश की कि वे नामांकन वापस ले लें, लेकिन बागियों ने पीछे हटने से इनकार कर



दिया। इसी के चलते उद्धव सेना ने एक विधायक समेत 5 नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। हालांकि कस्बा पेठ विधानसभा से उतरे मुख्तार शेख ने पार्टी की बात मान ली है और वह गठबंधन के आधिकारिक उम्मीदवार रविंद्र धनगेकर का समर्थन करने को राजी हो गए हैं। कांग्रेस ने कुल 7 बागियों को राजी कर लिया है, जिन्होंने नामांकन वापस ले लिया है। इन नेताओं में नासिक सेंट्रल से हेमलता पाटिल, भायखला से मधु चव्हाण और नंदूरबार से विश्वनाथ वालवी शामिल हैं। पर दिलचस्प हालत कोल्हापुर नॉर्थ सीट का है। यहां तक बागी नेता राजेश लाटकर नहीं माने तो कांग्रेस ने अपनी आधिकारिक कैंडिडेट मधुरिमा राजे को ही बिठा दिया। अब पार्टी ने ऐलान किया है कि निर्दलीय उतरे लाटकर का ही समर्थन किया जाएगा। अब निर्दलीय लाटकर का सीधा मुकाबला एकनाथ शिंदे की शिवसेना से माना जा रहा है।

# एशिया में सबसे ज्यादा ट्रैफिक में बेंगलुरु-पुणे टॉप पर

- नई दिल्ली 12वें और मुंबई 14वें स्थान पर
- ग्लोबल लिस्ट में लंदन टॉप पर

**नई दिल्ली.** टॉमटॉम ट्रैफिक इंडेक्स की जारी रिपोर्ट में पूरे एशिया में सबसे खराब ट्रैफिक और सबसे अधिक गाड़ियों की भीड़ वाले शहरों में देश के दो शहर टॉप पर हैं। इनमें पहले स्थान पर बेंगलुरु और दूसरे स्थान पर पुणे है।

बेंगलुरु में चार पहिया वाहन से 10 किमी की दूरी तय करने में 28.10 सेकेंड का समय लग जाता है। पुणे में इतनी ही दूरी तय करने में 27 मिनट 50 सेकेंड का वक्त लगता है।

इसके अलावा नई दिल्ली 12वें और मुंबई 14वें स्थान पर है। नई दिल्ली में 10 किमी की दूरी तय करने के लिए औसतन 21.40 मिनट और मुंबई में 21.20 मिनट का समय लग जाता है।



ग्लोबली ब्रिटेन की राजधानी लंदन और आयरलैंड की राजधानी डबलिन सबसे खराब यातायात और सबसे अधिक गाड़ियों की भीड़ वाले शहर है।

लंदन में 10 किमी की दूरी तय करने के लिए औसतन 37.20 मिनट और डबलिन में 29.30 मिनट का समय दर्ज किया गया।

रिपोर्ट में 55 देशों के 387 शहरों का ट्रैफिक ट्रेंड डेटा की जानकारी दी गई है। वहीं, एशियन डेवलपमेंट बैंक के मुताबिक, शहरों की बढ़ती आबादी के कारण हर 6 साल में शहरी गाड़ियों की संख्या दोगुनी हो रही हैं।

#### हर साल 4.4 करोड़ लोग शहरी आबादी से जुड़ रहे

एशियन डेवलपमेंट बैंक के मुताबिक, विकास बनाए रखने के लिए एशिया को 2030 तक सालाना लगभग 142 लाख करोड़ रुपए का निवेश करना होगा। इसमें से 30% से अधिक परिवहन के लिए बुनियादी ढांचे के निर्माण पर खर्च करने की आवश्यकता होगी। एशिया में हर साल 4.4 करोड़ लोग शहरी आबादी से जुड़ते हैं।

## एक को मनाऊं तो दूजा रूठ जाता है

- अब महाराष्ट्र में भाजपा की पूर्व सांसद ने छोड़ी पार्टी

**मुंबई.** महाराष्ट्र में भाजपा बगावत से जूझ रही है। हालांकि पार्टी कई नेताओं को मनाने में कामयाब रही, लेकिन अब पूर्व सांसद ने बागी रुख अख्तियार कर लिया है। भाजपा की राष्ट्रीय प्रवक्ता और नांदूरबार से पूर्व सांसद हीना गावित ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भाजपा अक्कालकुवा सीट पर महायुति गठबंधन की संयुक्त उम्मीदवार शिंदे सेना की अमाष्या पाडवी का समर्थन कर रही है। इसी सीट से हीना ने भी पर्चा भरा है। पार्टी ने हीना को पर्चा वापस लेने के लिए कहा था, लेकिन उन्होंने पार्टी के फैसले पर बागी रुख अख्तियार कर लिया है। प्रदेश नेतृत्व ने हीना को चेतावनी दी थी कि अगर वो पर्चा वापस नहीं लेती हैं तो उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई होगी। इसके बाद उन्होंने अपना इस्तीफा पार्टी नेतृत्व को भेज दिया है।

गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में हीना गावित को गोवल पाडवी से हार का सामना करना पड़ा था। गोवल अक्कालकुवा सीट से वर्तमान विधायक हैं। कांग्रेस ने इस बार भी गोवल को उम्मीदवार बनाया है। दिलचस्प बात यह है कि हीना के पिता और प्रदेश के



आदिवासी विकास मंत्री विजयकुमार गावित नांदूरबार विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार हैं। उत्तरी महाराष्ट्र से एक भाजपा नेता ने कहाकि हिना ने केसी पाडवी से बदला लेने के लिए खुद को मैदान में उतारा है। ताकि वह लोकसभा चुनाव में केसी बेटे से मिली हार का बदला ले सकें। भाजपा नेता का यह भी कहना है कि पार्टी की नीतियों के खिलाफ आदिवासियों में असंतोष है। पार्टी द्वारा कार्रवाई की धमकी के अलावा उनके इस्तीफे के पीछे यह एक और कारण हो सकता है।

गौरतलब है कि महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा बगावत से जूझ रही है। हालांकि नाम वापसी के आखिरी दिन वह डैमेज कंट्रोल में कामयाब रही। भाजपा उन नौ उम्मीदवारों को मनाने में कामयाब रही, जो पार्टी का साथ छोड़कर निर्दलीय चुनाव लड़ने जा रहे थे। रूठे नेताओं को मनाने की कवायद में भाजपा हाईकमान पूरे जोर-शोर से लगा हुआ था। इसमें डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस की भी अहम भूमिका रही।

## दोस्तों की शर्त के कारण युवक की मौत

- ऑटो रिक्शा दिलाने का लालच देकर पटाखे के डिब्बे पर बिठाया
- ब्लास्ट के कारण गई जान

**बेंगलुरु.** कर्नाटक के बेंगलुरु का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जो दिवाली की रात का बताया जा रहा है। इसमें नजर आ रहा है कि एक युवक डिब्बे पर बैठा हुआ है। अचानक से डिब्बे में ब्लास्ट हो जाता है और युवक जोर से जमीन पर गिरता है। इसके कुछ देर बाद उसकी मौत हो जाती है।

पुलिस ने बताया कि शबरीश और उसके दोस्तों ने दिवाली की रात शराब पी थी। इसके बाद सभी



कोनानाकुंटे इलाके में जुटे। बेरोजगार शबरीश से उसके दोस्तों ने ऑटोरिक्शा दिलाने की बात कही। उससे पटाखे वाले डिब्बे पर बैठने की शर्त रखी।

नशे में धुत शबरीश ने शर्त मानी। दोस्तों ने पटाखा जलाया और उस पर डिब्बा रखा दिया। शबरीश उस पर बैठ गया। उसके दोस्त वहां से चले गए। पटाखा फटा और शबरीश हवा में उछल कर सड़क पर आ गिरा।

कुछ सेकेंड बाद वो सड़क पर लेट गया। शबरीश के दोस्त उसके पास आए। उसे उठाने लगे लेकिन शबरीश नहीं उठा। इसके बाद सभी दोस्त शबरीश को अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

दक्षिण बेंगलुरु एसपी लोकेश जगलासर ने कहा कि डॉक्टरों के मुताबिक ब्लास्ट के कारण शबरीश के निजी अंगों में गहरी चोट आई थी। इसके कारण उसकी मौत हो गई।

एसपी ने कहा कि घटना का वीडियो सामने आया था। शबरीश के दोस्तों के पहचान की गई। 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया। उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

## हिंदू मंदिर पर हमले के खिलाफ फूटा गुस्सा कनाडा में सैकड़ों लोग सड़कों पर उतरे

कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले के खिलाफ लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। हजारों भारतीय-कनाडाई लोग ग्रेटर टोरंटो एरिया में सड़कों पर उतर आए। उन्होंने इसके लिए जिम्मेदार खालिस्तान समर्थक तत्वों के विरोध में रैली निकाली। सोमवार को विरोध प्रदर्शन में लगभग 5 हजार भारतीय-कनाडाई शामिल हुए। मौके पर पुलिस बल की कड़ी तैनाती थी। मंदिर के सामने का रास्ता बंद होने के कारण उन्होंने द्वार के बाहर प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय पुलिस की ओर से इसे गैरकानूनी सभा घोषित कर दिया गया, जिसके बाद देर शाम रैली तितर-बितर हो गई। बताया जा रहा है कि प्रदर्शन में हथियार भी देखे गए थे।



कनाडा के ब्रैम्पटन शहर में रविवार को हिंदू महासभा मंदिर को चरमपंथियों ने अपना निशाना बनाया था। पील क्षेत्रीय पुलिस ने बताया कि ब्रैम्पटन के एक मंदिर में विरोध प्रदर्शन हुआ। सोशल मीडिया पर प्रसारित घटना के कुछ अपुष्ट वीडियो में प्रदर्शनकारी खालिस्तान समर्थक बैनर पकड़े नजर आए। रिपोर्ट में कहा गया कि वीडियो में लोग एक-दूसरे पर घूंसे बरसाते और डंडों से हमला करते हुए नजर आ रहे हैं। यह घटना हिंदू सभा मंदिर के आसपास के मैदान में होती प्रतीत हो रही है।

पील रीजनल पुलिस ने पुष्टि की कि उसने खालिस्तान समर्थक विरोध प्रदर्शन में भाग लेने के लिए एक अधिकारी को सस्पेंड कर दिया। एक प्रवक्ता ने कहा, 'सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो से हम अवगत हैं। इसमें ऑफ-ड्यूटी पील पुलिस अफसर को प्रदर्शन में शामिल दिखाया गया है। इस अधिकारी को सामुदायिक सुरक्षा और पुलिस अधिनियम के अनुसार निलंबित कर दिया गया है।' उन्होंने कहा कि वीडियो में दर्शाई गई परिस्थितियों की जांच की जा रही है और जब तक यह जांच पूरी नहीं हो जाती, हम आगे की जानकारी नहीं दे सकते हैं।

## टेस्ट में रोहित और धोनी से बेहतर कप्तान थे कोहली

- घर में कभी सीरीज नहीं हारे
- ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में दी मात

रोहित शर्मा और महेंद्र सिंह धोनी भारत को ICC ट्रॉफी दिलाने वाले कप्तान हैं। दूसरी ओर विराट कोहली हैं। वे कभी कप्तान के तौर पर ICC टूर्नामेंट नहीं जीत सके। हालांकि, जब चर्चा टेस्ट क्रिकेट की होती है तो बतौर लीडर वे धोनी और रोहित दोनों से मीलों आगे नजर आते हैं।

विराट 36 साल के हो गए हैं। इस मौके पर जानते हैं कि रेड बॉल क्रिकेट में उन्होंने किन ऊंचाईयों को छुआ और क्यों आज भी उनकी कप्तानी के कारनामें मिसाल बने हुए हैं। धोनी और रोहित दोनों की कप्तानी में भारत को घर में टेस्ट सीरीज में हार झेलनी पड़ी। रोहित की कप्तानी में तो टीम इंडिया को अभी-अभी न्यूजीलैंड से क्लीन स्वीप भी झेलना पड़ा है। कोहली की कप्तानी में ऐसा कभी नहीं हुआ। उन्होंने भारत की जमीन पर 11 टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया की कप्तानी की। भारत ने सभी 11 सीरीज अपने नाम कीं।

कोहली ने 2015 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहली बार घरेलू मैदान पर कप्तानी की थी। अश्विन और जडेजा के सपोर्ट और कोहली की अटैकिंग फील्ड स्ट्रैटजी से भारत ने 4 टेस्ट की सीरीज 3-0 से जीती। यहां से कोहली की कप्तानी में टीम ने घ र सभी टेस्ट सीरीज जीतीं।



#### 7 साल में महज 2 घरेलू टेस्ट गंवाए

कोहली की कप्तानी में विदेशी टीमें भारत में टेस्ट ड्रॉ कराने को भी अचीवमेंट मानती थीं। उनकी कप्तानी में भारत ने 7 साल में महज 2 टेस्ट गंवाए, एक 2017 में ऑस्ट्रेलिया से और दूसरा 2021 में इंग्लैंड के खिलाफ। कोहली की कप्तानी में भारत में 5 टेस्ट ड्रॉ रहे, जिनमें ज्यादातर बार मौसम ने विदेशी टीमों का साथ दिया।

घरेलू मैदान पर कोहली ने क्लीन स्वीप तो दूर, कभी सीरीज हार भी नहीं झेली। इसके उलट, कोहली ने न्यूजीलैंड, साउथ अफ्रीका, वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के खिलाफ घर में क्लीन स्वीप किया। न्यूजीलैंड को तो उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने 2 टेस्ट सीरीज हराई थीं।

### एक आतंकी ढेर

**बांदीपोरा.** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के केत्सुन वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। यह घटना सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के ठिकाने की जानकारी मिलने के बाद हुई। इस मुठभेड़ में एक आतंकी भी ढेर हो गया है। सेना ने आतंकियों के ठिकाने की सूचना मिलने पर सर्च ऑपरेशन चलाया। दो आतंकियों के छिपे होने की खबर थी जिनमें से एक आतंकी को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है, वहीं दूसरे आतंकी की तलाश जारी है।

## बगैर वीजा घूमें बैंकॉक पटाया

- भारतीयों के लिए थाईलैंड ने दी खास नई सुविधा

थाईलैंड यात्रा की योजना बना रहे भारतीयों के लिए बड़ी खुशखबरी है। थाईलैंड ने वीजा फ्री एंट्री की सेवा में अनिश्चितकाल विस्तार करने का फैसला किया है। आंकड़े बता रहे हैं कि इस साल 16 लाख से ज्यादा भारतीय थाईलैंड की यात्रा कर चुके हैं। इस नए फैसले से डेस्टिनेशन वेडिंग, ग्रुप ईवेंट्स और टूरिज्म समेत कई गतिविधियों में इजाफा होने के आसार हैं। थाईलैंड बिजनेस न्यूज के अनुसार, थाईलैंड ने भारतीय नागरिकों के लिए अनिश्चितकाल तक वीजा फ्री एंट्री कर दी है। इससे पहले यह पॉलिसी 11 नवंबर 2024 को खत्म होने जा रही थी। वीजा फ्री एंट्री के तहत भारतीय नागरिक 60 दिनों की अवधि तक बगैर वीजा के थाईलैंड में रह सकेंगे। वहीं, इसके बाद उनके पास 30 दिनों की अवधि बढ़ाने का विकल्प भी मौजूद होगा।

रिपोर्ट के अनुसार, जब थाईलैंड के लिए भारतीय को वीजा लेना पड़ता था, तब उन्हें करीब 3 हजार रुपये की फीस देनी पड़ती थी। साथ ही कई दस्तावेज भी पेश करने पड़ते थे। आंकड़े बताते हैं कि इस साल जनवरी से से लेकर अक्टूबर के मध्य तक 16 लाख से ज्यादा भारतीय नागरिक थाईलैंड की यात्रा कर चुके हैं। माना जा रहा है कि इस ऐलान के बाद सैलानियों की संख्या बढ़ने के आसार हैं।

हेन्ली ग्लोबल की रैंकिंग के अनुसार, भारत का पासपोर्ट दुनिया का 83वां सबसे मजबूत पासपोर्ट है। इस लिस्ट में कुल 105 देश शामिल हैं, जिनमें शीर्ष पर 195 देशों में पहुंच के साथ सिंगापुर और अंतिम पायदान पर अफगानिस्तान है।

## तो घरों में घंटी और शंख तक नहीं बजाने देंगे

- झारखंड में ऐसा क्यों बोले सीएम योगी

**हजारीबागी.** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री मंगलवार को झारखंड पहुंचे और हजारीबाग में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन पर ताबड़तोड़ वार किया। उन्होंने झारखंड में घुसपैठियों का मुद्दा उठाया और कहा कि एक वक्त ऐसा आएगा जब आप घर में घंटी और शंख तक नहीं बजाने देंगे। उन्होंने जिस तरह से जेएमएम गठबंधन बांग्लादेशियों का घुसपैठ करवा रहा है, अगर डेमोग्राफी इसी तरह से बदलती रही तो आज तो यह लोग यात्रा रोक रहे हैं, आने वाले दिनों में यह लोग घरों में घंटी और शंख तक नहीं बजाने देंगे। उन्होंने आगे कहा, इसलिए बीजेपी को सत्ता में लाने की जरूरत है। बीजेपी को लाइए, एक रहिए और नेक रहिए।

अपने संबोधन में आदित्यनाथ योगी ने कहा कि ताकत का एहसास कराइए, बंटिए नहीं । बड़कागांव के हाईस्कूल मैदान में आदित्यनाथ योगी ने कहा कि देश को अपनी ताकत का एहसास कराइए। जातियों में बंटिए मत। आपको जाति के नाम पर दूसरे दल के लोग बांटेंगे। यही काम कांग्रेस करती आई है। देश के लोगों को छला गया है। सनातियों को हमेशा नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाइये।



उधर कोडरमा जिले के चंद्रावती हाईस्कूल मैदान में मंगलवार को भाजपा की आयोजित चुनावी जनसभा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ झारखंड में माफियाराज पर जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की तरह झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी तो ही झारखंड से माफियाओं का सफाया होगा। यूपी की तरह झारखंड में बीजेपी की सरकार बनने पर भू माफिया, खनन माफिया, बालू माफिया, शराब माफिया सहित पूरे माफिया को समाप्त किया जाएगा।

योगी इंडी गठबंधन दलों पर जमकर बरसे और कि एक औरंगजेब था, जिसने देश को लुटा था और दूसरा झारखंड में हेमंत सरकार का मंत्री आलमगीर है जिसके और उसके नौकरों के घर में नोटो का गड्डी मिली, जिसने गरीबों का पैसा लूट कर अपनी तिजोरी भरा था। योगी ने कहा कि यदि झारखंड में माफियाओं को समाप्त करना है, तो भाजपा की सरकार बनानी जरूरी है।

संक्षेप...

## अज्ञात व्यक्ति की हत्या की गुत्थी सुलझाई

**नवी मुंबई।** खारघर स्थित भारती विद्यापीठ के पीछे मिले एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है , पुलिस ने इस हत्या कांड में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कमल नाथूराम ढोलपुरिया बताया है। पुलिस ने आरोपी को चेम्बूर से गिरफ्तार किया है है पुलिस के अनुसार आरोपी राजस्थान का रहने वाला है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि 2 अक्टूबर को पुलिस को एक अज्ञात व्यक्ति की हत्या कर उसका शव खारघर स्थित भारती विद्यापीठ के पीछे फेंके जाने की जानकारी मिली थी। जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने उस व्यक्ति के बारे में पता लगाने का काम शुरू किया। मृत व्यक्ति का नाम विकास रामलाल वोरा बताया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक विकास ने आरोपी से 30 हजार की रकम उधर ली थी लेकिन वह उसे वापस नहीं कर पा रहा था जिसकी वजह से आरोपी ने गुस्से में आकर विकास की हत्या कर दी।

भिवंडी की विजयी सभा में बोले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे

# मैं कॉमनमैन हूं, तुम्हें सुपरमैन बनाने के लिए भिवंडी का करूंगा कायापलट

**भिवंडी.** मैने मुख्यमंत्री पद का कभी अभिमान नहीं किया.मैं तुम सबका जनसामान्य कामन मैंन हूं ऐसा मानकर चुनाव में महायुति प्रत्याशियों को जिताइए.मुझे आपको सुपर मैंन बनाने के लिए आगे कार्य करना है.उक्त उद्गार भिवंडी कामतघर स्थित स्व.मोतीराम काटेकर मैदान में महायुति प्रत्याशियों के जन समर्थन हेतु आयोजित बिजयी सभा में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने व्यक्त करते हुए मतदाताओं से समर्थन की अपील की.उक्त मौके पर शिवसेना सांसद नरेश म्हस्के, भिवंडी पूर्व विधानसभा शिवसेना प्रत्याशी संतोष शेट्टी, भिवंडी पश्चिम भाजपा प्रत्याशी महेश चौगुले, सेना ग्रामीण प्रत्याशी शांताराम मोरे, शिवसेना शहर प्रमुख सुभाष माने,भाजपा जिलाध्यक्ष एड हर्षल पाटिल, आरपीआई जिलाध्यक्ष महेंद्र गायकवाड, पश्चिम विधानसभा चुनाव प्रमुख श्याम



अग्रवाल, पूर्व पार्षद नीलेश चौधरी,मदन बुआ नाईक, बालाराम चौधरी, मनोज काटेकर,सुमित पाटील, भाजपा महासचिव राजू गाजेंगी, अजीत पवार गट जिलाध्यक्ष प्रवीण पाटिल, भाजपा वरिष्ठ नेता कृष्णा गाजेंगी, अविनाश सिकची, रवि सावंत,राजू चौगुले, भरत जंगलानी सहित महायुति कार्यकर्ता,लाडली बहना लाभार्थी महिलाएं भारी संख्या में मौजूद थे.

गौरतलब हो कि, कामतघर स्थित स्व.काटेकर मैदान पर महायुति उम्मीदवारों के प्रचार की खातिर आयोजित विजयी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि, शासन द्वारा शुरू लाडकी बहना योजना का फायदा सभी जाति धर्म की लाखों बहनों को समान रूप से मिल रहा है. लाड़की बहिन के बैंक खाता में नवंबर माह तक पैसा डाले जाने की खिलाफत विरोधी करते हुए कोर्ट तक पहुंच गए हैं लेकिन कोर्ट ने जनहित योजना करार देते हुए फटकार सुनाई है. उन्होंने विरोधियों की पूर्व सरकार पर तंज कसते हुए हुए कहा कि, 2.5 वर्षों के कार्यकाल में सभी विकास कार्य बंद करने से राज्य विकास में काफी पिछड़ गया था जिसे गति देने का कार्य डबल इंजन की महायुति सरकार ने किया है. किसानों को बिजली बिलों की पूर्ण माफी, वर्ष भर में 3 घरेलू गैस सिलेंडर मुफ्त देकर लोगों को सशक्त किया गया है.भिवंडी शहर को ठाणे जैसा विकसित,सर्व सुविधा संपन्न बनाए जाने की खातिर महायुति प्रत्याशी को जितना बेहद जरूरी है. भिवंडी शहर के सर्वांगीण विकास के लिए धोकादायक इमारतो का नया निर्माण, वन जमीन पर बनी हुई झोपडपट्टी के पुनर्निमाण हेतु एसआरए योजना शुरू की जाएगी.बिजली दरों को नियंत्रित करने के लिए जरूरी उपाय किए जाने का पुख्ता भरोसा मुख्यमंत्री शिंदे ने शहरवासियों को दिया है.

# असुविधा न हो इसके लिए मतदान केंद्रों पर सभी सुविधा उपलब्ध करें

जिला चुनाव निर्णय व जिलाधिकारी अशोक शिनगारे

**ठाणे.** विधानसभा चुनाव 2024 के लिए ठाणे जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार। 20 नवंबर को मतदान प्रक्रिया के लिए जिलें की 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता के लिए किये गए सुविधाओं का निरीक्षण जिला चुनाव निर्यण व जिलाधिकारी अशोक शिनगारे किया निरीक्षण। साथ ही शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो इसके लिए प्रत्येक लोग जिम्मेदारी गंभीरता से लेने के लिए दिया निर्देश।जिलाधिकारी कार्यालय पर समिती सभागृह में जिला चुनाव निर्णय व जिलाधिकारी अशोक शिनगारे की अध्यक्षता में बैठक किया गया।इस बैठक में उपजिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने,मनपा नगर अभियंता सहित 18 विधानसभा के अभियंता उपस्थित थे। ठाणे मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 1 हजार 546 मतदान केंद्र, कल्याण डोंबिवली मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 1 हजार 261 मतदान केंद्र,



ग्रामीण भागों में 1 हजार 124 मतदान केंद्र, नवी मुंबई मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 831 मतदान केंद्र, मीरा भाईंदर मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 755 मतदान केंद्र, भिवंडी मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 586 मतदान केंद्र, उल्हासनगर मनपा क्षेत्र के अंतर्गत 399 मतदान केंद्र,साथ ही सभी नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत 453 मतदान केंद्रों के सुविधाओं की जवाबदारी सभी महानगर पालिका व नगरपालिका को है और ग्रमीण इलाकों के मतदान केंद्रों की जिलापरिषद की।यह निर्देश जिला चुनाव निर्णय अधिकारी शिनगारे ने दिया।

जिलें की 18 विधानसभा चुनाव क्षेत्रों के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता के लिए सूचना फलक, दिशादर्शक, दिव्यांगों के लिए रैंप की सुविधा,मतदाता सहायता केंद्र, मंडप व्यवस्था,पीने के लिए पानी की सुविधा, प्रतिक्षालय,मतदान के लिए लाइन में खड़े मतदाता के लिए कुर्सी की व्यवस्था, मतदान केंद्र के नजदीक मोबाइल टॉयलेट की व्यवस्था, प्रथमोपचार सुविधा, मतदान केंद्र पर पालना घर, पाळणाघर, दिव्यांग के लिए व्हीलचेअर की सुविधा की व्यवस्था के लिए बैठक में निर्देश दिया।

# सुनील राउत के खिलाफ पुलिस थाने में मामला दर्ज

**मुंबई.** शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार और संजय राउत के भाई सुनील राउत के खिलाफ मुंबई के विक्रोली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। सुनील राउत पर महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी करने के चलते बीएनएस की धारा 79,351(2) और 356(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। सुनील राउत पर आरोप हैं कि उन्होंने हाल ही में महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की है, जिसमें उन्होंने शिवसेना शिंदे गुट की महिला उम्मीदवार को "बकरी" कहकर संबोधित किया था। सुनील राउत ने एक कार्यक्रम में संबोधन के दौरान यह शब्द कहा था। उन्होंने उपस्थिति लोगों ने हिंदी में बात करते हुए कहा था कि चुनाव की शुरुआत होने पर मैं देख रहा था कि मेरे सामने कौन खड़ा होने जा रहा है। उम्मीदवार टक्कर का होना चाहिए लेकिन किसी की मेरे सामने आने की हिम्मत नहीं हुई। जब बकरा बनाना चाहिए था तो उन्होंने मेरे गले में बकरी डाल दी। अब हम 20 तारीख को बकरी काटेंगे। उल्लेखनीय है कि 20 नवंबर को महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में मतदान होने जा रहा है। सुनील राउत ने दावा किया कि न सिर्फ वे चुनाव जीतेंगे, बल्कि मंत्री भी बनेंगे। हालांकि सुनील राउत को इस अमर्यादित भाषा के चलते विरोध का सामना करना पड़ा। विक्रोली विधानसभा चुनाव क्षेत्र के शिवसेना उम्मीदवार सुवर्ण करंजे ने इस मामले की शिकायत नजदीकी पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में पति समेत 8 पर केस दर्ज

**भिवंडी.** शहर पुलिस स्टेशन अंतर्गत एक महिला ने अपने पति सहित ससुराल पक्ष के 8 लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न और मारपीट का मामला दर्ज कराया है. मिली जानकारी के अनुसार, धामणकर नाका स्थित अतिहंत दर्शन अपार्टमेंट निवासी पीड़िता सांध्या रंजिकुमार रामलू सामाला का विवाह करीमनगर, तेलंगाना निवासी रंजिकुमार रामलू सामाला के साथ हुआ था.पीड़िता ने आरोप लगाया है कि शादी के बाद पति और सास लता रामलू सामाला उसे दहेज नहीं लाने के लिए कोसते थे. ससुराल वालों ने आपसी साजिश करके व्यापार और फ्लैट खरीदने के लिए मायके से पैसे लाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया. विरोध किया तो उसके साथ मारपीट की गई.

# सपा ही करेगी भिवंडी का विकास

सपा प्रत्याशी रियाज आजमी का वोटरों से वायदा

**भिवंडी.** भिवंडी पश्चिम विधानसभा सीट से सपा दमदार प्रत्याशी रियाज आजमी ने क्षेत्रवासियों से बहुमत से जिताने की अपील करते हुए कहा कि, सपा ही भिवंडी पश्चिम क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करेगी.10 वर्षों तक भाजपा जनप्रतिनिधि होने के बावजूद क्षेत्र विकास से कोसों दूर है. विधानसभा क्षेत्र में जनता को मूलभूत, बुनियादी सुविधा के लिए भी भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है.विधानसभा चुनाव जीतकर क्षेत्रवासियों की जनहित से जुड़ी तमाम समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से करूंगा. सपा प्रत्याशी रियाज आजमी पत्रकारों को चुनाव एजेंडे से अवगत करा रहे थे. उक्त मौके पर सपा वरिष्ठ नेता हाजी अब्दुल्लाह अंसारी, पूर्व पार्षद फराज बाबा आदि मौजूद थे.




गौरतलब हो कि, भिवंडी पश्चिम विधानसभा सीट से सपा प्रत्याशी रियाज आजमी ने चुनाव में सपा की सीधी लड़ाई भाजपा से कहते हुए कहा कि, भाजपा ने 10 वर्षों में क्षेत्र का कोई विकास नहीं किया है. लोग तमाम बुनियादी सुविधाओं से भी वंचित हैं. बदहाल सड़कों से क्षेत्रवासी दुख झेल रहे हैं. उन्होंने महाविकास आघाड़ी पर गंभीर तंज कसते हुए कहा कि, मबिआ गठबंधन में सपा के शामिल होने के बाद भी कांग्रेस ने पैराशूट प्रत्याशी दयानंद चोरघे को चुनाव में उतारकर गठबंधन धर्म का पालन नहीं कर सपा को धोखा दिया है. उन्होंने आशा जताई कि, क्षेत्र के सर्वांगीण विकास की खातिर मतदाता एकजुट होकर सपा की साइकिल को प्रचंड वोट देकर जीत का मार्ग सुनिश्चित करेंगे. सपा प्रत्याशी रियाज आजमी सपा वरिष्ठ नेताओं एवं समर्थकों की टीम के साथ जोरशोर से चुनाव प्रचार में जुट गए हैं. दीवान शाह दरगाह के पास मुख्य प्रचार कार्यालय खुलने से सपा कार्यकर्ताओं के हौंसले बुलंदी पर हैं.

# संजय कुमार वर्मा महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक

**मुंबई.** संजय कुमार वर्मा को मंगलवार, 5 नवंबर को महाराष्ट्र के नए पुलिस महानिदेशक के रूप में नामित किया गया। 1990 बैच के IPS अधिकारी वर्मा रश्मि शुक्ला की जगह लेंगे। वर्मा वर्तमान में कानूनी और तकनीकी महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। विपक्षी दलों की शिकायतों के बाद रश्मि शुक्ला को हटाए जाने के एक दिन बाद उनकी नियुक्ति हुई है। वर्मा अप्रैल 2028 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं।



रश्मि शुक्ला को शीर्ष पुलिस पद से हटाया जाना महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 से एक पखवाड़े पहले हुआ। एक बड़े कदम में, भारत के चुनाव आयोग ने कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दलों की शिकायतों के बाद शुक्ला के तत्काल तबादले का आदेश दिया।

इससे पहले सोमवार को रश्मि शुक्ला के तबादले के बाद विवेक फनसालकर को अतिरिक्त प्रभार दिया गया था। चुनाव निकाय ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को शुक्ला का प्रभार कैडर के अगले सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी को सौंपने का निर्देश दिया था। सूत्रों ने कहा कि मुख्य सचिव को डीजीपी के रूप में नियुक्ति के लिए मंगलवार दोपहर तक तीन आईपीएस अधिकारियों का पैनल भेजने का भी निर्देश दिया गया था।

# यादव समाज भिवंडी द्वारा गोवर्धन पूजा व विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान

**भिवंडी.** कामतघर अंजूरफाटा रोड स्थित शिवराम नगर में यादव समाज भिवंडी द्वारा संचालित राधाकृष्णा विद्यालय प्रांगण में भव्य गोवर्धन पूजा का आयोजन किया गया. आचार्य डा. अच्छेलाल यादव द्वारा भगवान श्री कृष्ण व गोवर्धन की पूजा आरती व गौमाता की पूजा कर की गयी. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त (कस्टम), कवि व साहित्यकार लालबहादुर यादव (कमल), समाजसेवक राजाराम यादव (विद्यार्थी), डा.एम एल यादव आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे.

कार्यक्रम अध्यक्ष प्रमुख अतिथि यादव संघ मुंबई अध्यक्ष अजय सीताराम यादव ने बताया कि, यादव समाज के सहयोग से खरीदी गई जमीन पर समाज का कार्यक्रम होना गौरव की बात है. कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये यादव समाज भिवंडी अध्यक्ष डा.एन एल यादव, सचिव आर एल यादव, कोषाध्यक्ष विजयबहादुर यादव, डा. बृजेश यादव, डा.प्रेमचंद यादव, चन्द्रभान



यादव, मनोज यादव, मनिका यादव आदि लोगों के साथ उनकी पूरी टीम का रहा है. कार्यक्रम के सम्माननीय अतिथियों में डा. ओमप्रकाश यादव, डा.श्याम यादव, रामसिंह यादव, वृद्धिनारायण यादव, राममूरत यादव, हीरालाल यादव, राधेश्याम यादव, ओंकार यादव, जसवंत यादव आदि अतिथियों को शाल भगवान श्रीकृष्ण की फोटो व श्रीमद्भागवत गीता देकर सम्मानित किया गया. आदिदेव इंटरटेनमेंट के डायरेक्टर कृष्णा हलवाई के नेतृत्व में भजन गायकों व गायिकाओं द्वारा प्रस्तुत भजन व गीतों पर खूब तालियां बजाकर गायकों को प्रोत्साहित किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में नियोजन समिति अध्यक्ष मंगेश यादव, पी डी यादव, हीरालाल यादव, आचार्य सूरजपाल यादव, लल्लन यादव, हीरालाल यादव, मनोज यादव,मनीष यादव, पवन यादव, विजय यादव, अवधनारायण यादव, सुभाष यादव, संतलाल यादव आदि का विशेष योगदान रहा है.

# भारतीय लोकतंत्र में पेड न्यूज के लिए जगह नहीं

**ठाणे.** महाराष्ट्र राज्य में विधानसभा चुनाव शुरू है।जिसमें भारतीय चुनाव आयोग ने 15 अक्टूबर से ही पूरे राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू कर दिया है।विधानसभा के लिए योग्य, कार्यक्षम व लोगों के कल्याण के दृष्टिकोण से जनप्रतिनिधि को चुनकर लाने के लिए प्रत्येक मतदाता को मतदान करने के लिए बार-बार प्रशासन आवाहन कर रहा है।मतदान करना यह राष्ट्रीय कर्तव्य है इसलिए मतदाता किसी के भी प्रलोभन के बली का बकरा नही बनें।महत्वपूर्ण यह है कि चुनाव मुक्त, निर्भय व शांतिपूर्ण तरीके से होना चाहिए और इसके लिए सभी दल के उम्मीदवारों का सहयोग करने के लिए चुनाव आयोग ने आवाहन किया है।देश में पिछले कुछ चुनावों में पेड न्यूज की घटना सामने आई है यह लोकतंत्र के लिए घातक है।उम्मीदवार को प्रचार प्रसार के दौरान किया गया खर्च का लेखा जोखा व विवरण पत्र संबंधित चुनाव अधिकारी व खर्च नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी को देना अनिवार्य है।पत्रकारिता यह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है पेड न्यूज यह पत्रकारिता में कीड़ा है।इसलिए पत्रकार को चाहिए कि पेड न्यूज जैसे अनिधिकृत कार्य से दूर रहें।समाचार पत्रों और टेलीविजन चैनलों को पत्रकारिता के कीमत को बनाए रखना चाहिए ताकि लोकतंत्र की भावना को ठेस नही पहुंचे। बनाए रखना चाहिए।भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर द्वारा लिखित संविधान और भारतीय लोकतंत्र पूरे दुनिया में प्रसिद्ध है। इसलिए चल रहे विधानसभा चुनाव में सभी दलों के उम्मीदवारों, उनके पदाधिकारियों और प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से अनुरोध है कि वह उचित सावधानी बरतें और पेड न्यूज का रास्ता न अपनाएं जो लोकतंत्र के लिए घातक है।

हाउसफुल 5 मिलने पर सौंदर्या शर्मा बोलीं

# अक्षय कुमार मेरे लकी चार्म हैं

'बिग बॉस 16' में नजर आ चुकी सौंदर्या शर्मा इन दिनों 'हाउसफुल 5' को लेकर सुर्खियों में हैं। इससे पहले वह अक्षय कुमार के एक विज्ञापन में नजर आ चुकी हैं। एक्ट्रेस ने 'हाउसफुल 5' और करियर से जुड़ी बातें शेयर कीं। किसी भी न्यूकमर के लिए इतना बड़ा मौका मिलना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। इस फिल्म के लिए मैं साजिद नाडियाडवाला और उनकी वाइफ वर्धा नाडियाडवाला की बहुत ही शुक्रगुजार हूं। साजिद सर और वर्धा ने मुझे इस मुकाम पर पहुंचाया है। जहां अक्षय सर के साथ काम करने का मौका मिला है। हाउसफुल फ्रेंचाइजी की बहुत बड़ी फैन रही हूं। फिल्म के गाने पर खूब डांस किए हैं। आज उसी फिल्म की फ्रेंचाइजी में काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। अक्षय सर को मैं हमेशा से अपना लकी चार्म मानती हूं। 2017 में 'रांची डायरीज' से डेब्यू किया था। यह फिल्म अनुपम खेर ने प्रोड्यूस की थी। फिल्म के ट्रेलर लांच में अक्षय सर आए थे। उस वक्त मैं बहुत खुश थी। मुझे लग रहा था कि इंडस्ट्री में अच्छी शुरुआत हो जाएगी। यह नहीं पता था कि इस फिल्म के बाद चार साल तक काम नहीं मिलेगा। फिर 2022 में 'बिग बॉस 16' में



# SST कॉलेज के विद्यार्थियों ने अनाथ बच्चों के साथ मनाई दिवाली





**उल्हासनगर.** हर व्यक्ति अपने परिवार के साथ खुशी से दिवाली का त्योहार मनाता है, लेकिन एसएसटी महाविद्यालय के डीएलएलइ विभाग ने पिछले कई वर्षों से अनाथ बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मनाकर उनके चेहरों पर खुशी लाने का काम किया है। इस साल भी दिवाली के मौके पर उल्हासनगर के अनाथ आश्रम में जाकर उन बच्चों को मिठाई और फराल बांटते हुए उनके साथ पटाखे जलाने का आनंद लिया गया और दिवाली का त्योहार मनाया गया। इस दौरान इन अनाथ बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने लायक थी।

इस पहल में डीएलएलइ विभाग के स्वयंसेवकों के साथ महाविद्यालय के पूर्व छात्र भी बड़े उत्साह से शामिल हुए। महाविद्यालय अनाथ आश्रम में दिवाली के साथ-साथ हर साल क्रिसमस और नए साल का भी उत्सव मनाता है।

इस पहल को महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ. पुरस्वानी, आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. खुशबू पुरस्वानी के मार्गदर्शन में डीएलएलइ के जिला समन्वयक प्रो. दिलीप आहुजा ने स्वयंसेवकों के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया। अनाथ बच्चों के साथ दिवाली का त्योहार मनाकर एक अलग तरह की खुशी का अनुभव हुआ, ऐसा इस पहल में शामिल छात्रों ने बताया।

STAFF REQUIRED
SINDHI MALE
Qualification B.COM PASSED For ACCOUNTANT
&
For SALESMAN Qualification- 10TH PASSED
CONTACT :
MR. RAJESH
Mob. No. : 9307579475

# दिवा में 108वां सुंदरकांड पाठ के धार्मिक अनुष्ठान का समापन

**ठाणे.** सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार को लेकर महाराष्ट्र उत्तर भारतीय महासंघठना के पदाधिकारियों की ओर से दिवा में 108 वां सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें हर शनिवार को सुंदरकांड पाठ गौरव पाठक की टीम के सहयोग से किया जाता था। इस सांस्कृतिक धार्मिक का समापन दिवा पूर्व चंद्रागण रेज़ीडेंसी स्थित दत्त मंदिर परिसर में प्रसिद्ध भजन गायक डा. कमलेश उपाध्याय ने विधि विधान से किया। इस अवसर पर महा प्रसाद का व्यवस्था किया गया था जिसका



लाभ उपस्थित भक्तों ने बड़ी संख्या में लिया।इस धार्मिक अनुष्ठान की शुरूआत समाजसेवक सचिन विश्वकर्मा की अगुवाई में इस 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन 15 अक्टूबर 2022 से शुरू किया गया था। जो सभी के सहयोग से लगातार सुंदरकांड व भजन संध्या के साथ जारी रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संघटन के अध्यक्ष सुशील पांडे, राम सजीवन दुबे, नरेंद्र शर्मा, दिवाकर पांडे, प्रशांत शुक्ला सहित पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के सहयोग से सफल हुआ।




यह वृत्तपत्र प्रकाशक, मुद्रक, संपादक **श्री हीरो अशोक बोधा** ने श्री गोपाल प्रेस, ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से छपवाकर ब्लॉक नं. ए-99/593, वेनसी जगनानी मार्ग, इंदिरा गांधी गार्डन के पास, उल्हासनगर- 421001. जिल्हा ठाणे, महाराष्ट्र से प्रकाशित किया. **आर.एन.आई. नं. 43638/85** Email: ulhasvikas@gmail.com संपादकीय-विज्ञापन फोन : 2709099